हैं। इस इलाके में कम से कम 100 के करीब ऐसे परिवार है जो कि बिल्कुल बेघर हो गये हैं। जिनके पास कोई जमीन भी नही हैं और प ाुओं को चारा वगैरह देने का भी उनके पास कोई साधन नही हैं और जून में जब लैन्ड एक्वायर की गई तो लैन्ड एक्वीजी ान अफसर जब वहां गये तो उस वक्त लोगो की भूमि फसल बोने के लिए बिल्कूल तैयार थी। मैने उनसे कहा ंहैं कि साहब यह सही समय नही हैं लोगों की जमीनों को एक्वायर करने का, क्योकि यह सीजन तो उनको बीजने का हैं लेकिन उन्होने हमारी एक भी न सुनी और कहा कि हम क्या कर सकते हैं, सरकार की मजबूरी हैं, सरकार का आदें ा है कि इसी वक्त लैन्ड एक्वायर कर ली जाए। लैन्ड एक्वायर कर ली गई लेकिन आज तक उस जमीन का लोगों को उचित मुआवजा नही दिया गया हैं। अगर सही मायनों मे सरकार यह चाहती है कि किसी के साथ कोई भेदभाव की नीति न बरती जाए तो सरकार को अव य ही इस तरफ ध्यान देना चाहिये औरप लोगो को उनकी जमीनों का एकसार मुआवजा दिया जाना चाहिये ताकि लोगों में किसी भी प्रकार को रोश वगैरह न हो। 20 हजार पर–एकड़ के हिसाब से जो मुआवजा दिया गया हैं, ऐसे लोगों को दूसरी जगहों के अनुसार जो मुआवजा दिया गया है, वही दिया जाए। स्पीकर साहब, इसके साथ–साथ में कहना चाहता हूं कि जो लैन्ड एक्वीजी़ ान अफसर था, उसने लोगों को नाजायज तंग भी किया और खड़ी फसलों के बारे में यह हूक्म दिया कि इसकों अभी काटिये ओर उसी वक्त ट्यूबवैल पर भी कब्जा कर लिया और यहां

तक हुआ कि उस जमीन का दो जून को अवार्ड सुनाया गया लेकिन अवार्ड मिलता हैं कम से कम 15 या 16 दिनों के बाद और वह भी बहुत कम इस प्रकार का अन्याय सरकार की तरफ से गरीब किसानों के साथ किया गया हैं और किया जा रहा है जिसको कि लोग सहन नही करेंगें। इस बारे में लोगों ने बहुत सारी रिप्रजेन्टे ान भी दी हैं लेकिन अभी तक उन पर गौर नही किया गया हैं। वे लोग अगर अदालतों में जाएंगे तो 10–10 सालों तक वे लाग अपनी कीमतो ंको वसूल कर पाएगें। इसलिए मेरी सरकार से रिक्वैस्ट है कि उन लोगों की जो रिप्रजेन्टे ानज हैं, उन पर फौरी तौर पर गौर किया जाए ताकि लोगो को राहत मिल सकें।

इसके साथ मै थानसेर हल्के की कुछ सड़को का भी जिक्र करना चाहता हूं। जो सड़कों के छोटे–छोटे टुकड़े है वे बिल्कुल ही इग्नौर कर दिये गयें हैं, जिसकी वजह से लोगों को बडी़ परे ाानी का सामना करना पड़ रहा हैं। पता नही क्या कारण हैं, अधिकारीगण भी इस और ध्यान नही दे रहे हैं। मेरी सरकार से रिक्वैस्ट है कि मैं उन सड़को के नाम बताता हूं उनकी तरफ सरकार अव य ध्यान दे और उनको भीघ्र ही बनवाने की कृपा करें। मै उन सड़को के नाम बताता हूं। एक सड़क है बड़ौट गांव से सलेमपुर तक, यह केवल तीन किलोमीटर को ही टुकडा़ है। रोड़ी वगैरह तो वहां पर बिछाा दी गयी है लेकिन तारकोल नही डाला गया हैं। दूसरी सड़के है धनौरा से इन्दिरा गान्धी ने ानल कालेज लाडवा तक। यहां पर मोटा रोड़ा वगैरह बिछा

दिया गया हैं, पर पता नही यहां पर भाायद कोई पोलिटीकल कारण से रूकावट आ गयी हैं। तीसरी सड़क है लोहाडा़ से गिरधारमुर, यह केवल दो फर्लांग का टुकड़ा है, इसको भी सड़क से नही जोड़ा गया है और बरसात में लोगों को आने जाने मे कुाी दिक्कते होती हैं। इसके बाद एक सड़क हैं निवारसी गांव से स्कूल तक, एक सड़क है भूतमाजरा से स्कूल तक, इन दोनों के न बनने के कारण बच्चों को स्कूल वगैरह आने जाने मे काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा हैं। भाायद यहां भी कोई राजनैतिक कारण उलझ गया है जिसकी वजह से ये सड़के बनने से रह गयी। एक सड़क है खेरी से हरीपुर, खेरा से लोहाड़ा और सम्मालखा से डेरा गुरूद्वारा तक इस तरफ सरकार को अव य ध्यान देना चाहिये। फण्डज तो सरकार मांग लेती है लेकिन उन फण्डज का सही प्रयोग नही किया जाता हैं।

इसके अलगा प्वायंट मै आपके द्वारा सरकार के नाटिस में लाना चाहता हूं कि भाखड़ा कैनाल पर जो सरकार की तरफ से ट्यूबवैल लगें हुए हैं वे ट्यूबवैल 24 घण्टे चलते हैं और उनका 8 इंच को बौर है जिसके कारण थानेसर तहसील में पहेवा में जितने लोगों के अपने ट्यूबवैल है, उनका पानी सूख गया हैं उन में पानी नही ओ रहा हैं। इसलिये मेरा सरकार से निवेदन है कि जिन लोगो के सरकारी ट्यूबवैल चलने के कारण पानी बन्द हो गया हैं, उनको सरकार की तरफ से पानी मुहैया किया जाए या फिर सरकार अपने उन ट्यूबवैल को बन्द करे ताकि दूसरे किसान

अपने ट्यूबवैल को चला करकें अपने खेतों को पानी दे सके और किसानों की फसलें भी बच सकें।

इसी तरह से बिजली के मामले में भी कुछ कहना चाहता हूं कि कुरूक्षैत्र मे पैडी की फसल सबसे ज्यादा होती हैं, यह ऐरियां पैडी का है और सुरजेवाला जी को पता ही है कि पिछले हफ्ते मे कुरूक्षैत्र जिले में 28 के लगभग ट्रांसफार्मर्ज जल गये हैं हस बारे में मैने कई बार ि ाकायत भी की हैं और जुबानी भी रिकवैस्ट की हैं लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नही हुई हैं। कहते है कि अभी हमारे स्टाक में ट्रान्सफार्मर्ज नही हैं। स्पीकर साहब, किसानों के ट्यूबवैल नही चल और इसका नतीजा यह हुआ कि किसानों ने अपनी फसले काट कर, जाकि सूख गयी थी, प JIओ को डाल दी। इसलिये मेरी रिक्वैस्ट है कि आने वाले 15–20 दिनों के लिए इस इलाके में बिजली की लगातार बिना किसी रूकावट के स्प्लाईं जारी रखी जाए ताकि किसान तबाह होन से बच जाए क्योंकि आजकल धान पकने वाला है। अगर ऐसा सरकार की तरफ से न किया गया तो किसान बुरी तरह से पिस जाएगा और इसकी सारी जिम्मेवार सरकार के ऊपर होगी।

अब मै बस सर्विस के बारे में कुछ बाते कहना चाहता हूं क्योंकि आज हरियाणा के अन्दर बस सर्विस बडी ही खराब हैं। कुरूक्षैत्र जिले मेंं लाडवा पेहवा वगैरह से बहुत से बच्चे पढने के लिये आते जाते है लेकिन उनको बस सर्विस के खराब होने की वजह से आने जाने में काफी दिक्कत होती है। कइ बच्चे छतों पर

बैठकर और कई मोटर–साईकलों पर सवार होकर जाते हैं। अगर सरकार सही मायनों में लोगों की सेवा करना चाहती हैं तो लौकल बस सर्विस लाडवा, पिपली और यूनीवर्सिटी कैम्पस के लिये प्रोवाइड की जाए ताकि लोगों को सहुलियत हो जाए। इसके साथ साथ यहां पर यह कहा गया कि एक जिलें में जहां नहर का पानी नही दिया गया वहां पर लोगों की फसले तबाह हो गयी और उनकों सरकार की तरफ से मुआवता दिया गया हैं और मालिया माफ कर दिया जाता हैं। मै कहना चाहता हूं कि इसी तरह से पेहवा को छोड़कर जिला कुरूक्षैत्र के दूसरे इलाके में वहां पर लोगो का न तो मलिया माफ किया हैं और न ही उनको मुआवजा दिया गया हैं और फिरप क्या हुआ कि बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने लोगो से मिलकर अन–अथोराइज्ड कनेक ान्ज दिये और खराब मीटर सप्लाई किए गए और बाद मे लोगो को 6–6 हजार रूपये के बिल भेजे गये और फिर पेमैन्टस न होने के कारण उन लोगो के कनैक ान काट दिये गये। इस तरह से लोगो को नाजायज तंग किया जा रहा है इसलिये मेरी सरकार से रिक्वैस्ट है कि सरकार इस तरफ ध्यान दे और कुरूक्षेत्र का जिला जो कि पैडी एरिया हैं, उनको बचाने के लिये किसानों की हर मुमकिन मदद की जाए और जिन लोगों की फसलें जहां नहरी पानी न लगने के कारण खराब हुई हैं, उनको मुआवजा दिया जाए और उनका मालिया माफ किया जाए। अन्त में मै फिर सरकार से यह रिक्वैस्ट करना चाहता हू कि किसी किस्म का भेदभाव न करके सभी इलाकों के किसानों के साथ सहानुभूतिपूवर्क व्यवहार किया

जाए और उनकी दिक्कतों को दूर किया जाए। इतना कहता हुआ मैं इस एप्रोप्रिए ान बिल का विरोध करता हुआ धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

श्रीमति चन्द्रावती: जनाब, आज सै ान को आखिरी दिन है इसलिये हरेक मैम्बरप को बोलने के लिये समय मिलना चहिये।

श्री अध्यक्ष: आप ही दैखिये बहन जी, मैने मैम्बर्ज को अपोजी ान की तरफ से बुलवाया हैं। उसके बाद ही मैने रूलिंग पार्टी के एम0एल0ए0 का नाम लिया हैं।

श्री सागर राम गुप्ता (भिवानी): स्पीकर साहब, इस समय हाउस के सामने एप्रोप्रिऐ ान बिल पे ा हुआ हुआ हैं। मै इसका समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं क्याकि इस बिल में किसानों को राहत देने का प्रावधान हैं और उनके लिये हरियाण सरकार ने बहुत अच्छे– अच्छे काम किये हैं। आपको पता ही है कि जब ओले पड़े, भीत लहर आई उस वक्त किसानों पूरी पूरी फसले तबाह हो गयी और सरकार ने किसानों मुआवजा भी दिया। मै दो तीन बाते मोटे तौर पर अर्ज करूगां जिनके जरिये सरकार का और इस सदन का भी ध्यान दिलाऊगां। पहली बात चह है कि जहां तक किसानों को मुआवजा देने की बात है मै समझता हूं कि इसमें कोई ज्यादा इन्साफ वाली बात नही हुई हैं। मुझे मालूम है कि मेरे अपने भिवानी हलके मे 25–30 गावो मे किसानो को काफी नुकसान हैं लेकिन पटवारियों, गिरदावरों और कुछ अन्य वैस्टिड

इन्ट्रैसट ने उस वक्त जो रिपोर्ट दी वह गलत दी। उन गलत रिपोर्टस के देने की वजह से हमारे यहां किसानों को मुआवजा नही मिला। सरकार इस में कुछ न कुछ जरूर कर सकती हैं। इस बात को तो मैं मान सकता हूं कि आज कोई ऐसी एवीडैंस इवेलेबल नही है जिसके आधार पर उन रिपोर्टस को स्क्रटीनाइज किया जा सके लेकिन फिर भी सरकार कोई ऐसा जरिया निकाल सकती हैं जिससे पता लग सकें कि किन लोगो ने गलत किस्म की रिपोर्टस बनाई जिसकी वजह से किसानों को मुआवजा न मिल सका। सरकार उनको कम से कम सजा देने की बात जरूर करें। इसी सिलसिले में मैं एक और अर्ज अपनी कांस्टीचयुएंसी के बारे में करना चाहता हूं। स्पीकर साहब, उस इलाकें में आप भी गए होंगे। हमारा इलाका बहुत पूअरली इरीगेटिड है और वहा पर मुआवजें की बात किसी एक, दो, तीन या चार फसलों की हो तो इग्नौर की जा सकती हैं लेकिन वहां पर तो हर साल फसलें खराब होती हैं। पुअर इरीगें ान की वजह से हर किसान का वहां पर नुकसान होता हैं। वहां पर हर कैनाल और डिस्ट्रीब्यूटरी की टेल हैं और दूसरे वह रेतीला इलाका हैं इस वजह से जो थोड़ा बहुत पानी आता हैं वह खेतों मे जाने से पहले ही नालियों में सूख जाता हैं। बंसी लाल जी ने अपने वक्त में उस इलाके की कुछ तरक्की करने की कोि ा ा की थी और वे उधर ती चार नहरें भी ले गए थे लेकिन उसके बावजूद भी आज अगर मैं यह कहूं कि उस इलाके मे 75% इरेगे ान नही हो रही और केवल 25% हो रही है तो यह कोई एगजाजरे ान की बात नही हैं। मैं

सरकार से यह प्रार्थना करना चाहूंगा और साथ ही हाउस से भी कि जहां आप गरीब किसानों को मुआवजा देने की बात सोचतें हैं वहां इस बात को भी जरूर सोचिए कि जहां इरीगें ान की कमी की वजह से परमानैंट लौस है और किसान अपनी फसलें नही उगा सकते वहां भी फारमर्ज को मुआवजे के तौर पर कुछ राहत देने की कोि ा ा करें। मैं यह नही कहता कि उनको नकद मुआवजा दिया जाए। मुआवजा देने के दूसरे रूप भी हैं। मुझे याद हैं मेरे भाई हीरा नन्द जी आज सुबह बात कर रहें थे कि वहां पर बिजली के रेट सबसीडाइज्ड करें, जहां ट्यूबवैल नही हैं वहां इन–पुटस और फर्टिलाइजर वगैरह देने के लियें उनको सबसीडाइज करें। जहां पानी की कमी की वजह से या रेतीलेपन की वजह से आम तौर पर फसले कमजोर होती हैं वहां किसानों को कुछ न कुछ राहत जरूर दी जाए ताकि उनका जो फरमिंग औकुपे ान है वह इकोनौमिक हो सके। इसके साथ–साथ स्पीकर साहब, मैं एक यह बात भी अर्ज करना चाहता हूं कि केवल किसान ही नही बल्कि इस प्रान्त के मजदूर भी इस सरकार इस बात को अच्छी तरह से जानती भी हैं। मै 25–30 साल से इस फील्ड में हूं इसलिये आज मैं यह कह सकता हूं कि बावजूद इस बात के कि सरकार ने मजदूरों को राहत देने के लियें बहुत कानेन बनाए हैं लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता हैं कि मजदूर कानून हमारी स्टेट में अच्छी तरह से लागू नही होते। दुख की बात यह है कि आज सरकारी अधिकारियों में भ्रश्टाचार बहुत जब्रदस्त चला हुआ हैं जिसकी वजह से पूंजीपति लोग इन

अधिकारियों को अपने काबू में रखतें हैं और गरीब मजदूर पिटते रहते हैं। इसलियसे मैं सरकार से यह कहूगां कि वह इस बात की तरफ जरूर ध्यान दें। मैं मुआवजें की बात कर रहा था। स्पीकर साहब, आपको मालूम हैं कि इंडस्टरी में बड़ा रिसै ान आया हुआ हैं। बहुत सी जगहों पर मजदूर रिट्रेच हो रहे हैं, बहुत सी जगहों पर मजदूर ले–आफ किये जा रहे है और बहुत सी जगहों पर मजदूरों को धक्के मार कर बाहर किया जाता हैं तो क्या ऐसे मजदूर मुआवजे के हकदार नही हैं? क्या उनको रोटी नही चाहिए, क्या उनको कपड़ा नही चाहिए या रहने के लिये मकान नही चाहिए। अगर हम फारमर को मुआवजा देते हैं तो मजदूर को क्यो न दें, सरकार इस बात पर विचार करें। ऐसे मजदूर जिनको बिना कसूर सरप्लस करके नौकरी से निकाल दिया जाता हैं, उनको सरकार मुआवजे के तौर पर राहत दे। स्पीकर साहब, यही नही उन मजदूरों को भी राहत की जरूरत है जो बेचारे लेबर कोर्टस में और ट्रिब्यूनल में कई–कई सालों से मारे–मारे फिर रहे हैं। सरकार इस बात का अच्छी तरह से मता हैं कि 70–80% मुकदमें ऐसे होते है जो मालिक क्रिएट करते हैं। मजदूर यूनियन मालिक को अपनी डिमांडज को नाटिस देती हैं और ऐसा होते ही मालिक की फलाइंग स्क्वायड अपनेा काम करना भाुरू कर देती हैं। जो 15–20 मजदूर यूनियन के लीडर होते हैं उनको सस्पैंड और डिसमिस कर दिया जाता हैं। उनका कसून यह होता हैं क्योकि उन्होने मजदूरीो को इकट्ठा किया और उनका जीवन स्तर ऊंचा करने की कोि ा ा की हैं। मालिकों को ये बातें अच्छी नही

लगती इसलिये वे फौरन यूनियन के लीडर्ज को खत्म करने की कोि ा ा करते हैं। जब उनको निकाल दिया जाता हैं तो कंसिलिए ान अफसर उनका समझौता नही करवा पाता और सरमार उनके मुकदमें अदालत में भेज देती हैं।

श्री अध्यक्षः गुप्ता साहब, आप बिल की क्लाज के अन्दर – अन्दर ही रहें, जनरल डिस्क ान में न जाएं। आप कहुत बाहर चले गये हैं। इसमें मजदेरों को निकालने की कोई बात नही हैं।

श्री सागर राम गुप्ताः स्पीकर साहब, क्योंकि इसमें मुआवजें की बात हैं इसलिये मै यह जिक्र कर रहा हूं। मैं अर्ज कर रहा था कि मजदूरों को भी किसानों की तरह से मुआवज की जरूरत हैं। जिनके मुकदमें 8–10 साल तक अदालतों में चलते हैं उनकी हालत का आप अन्दाजा लगा सकते हैं। मैं अर्ज कर रहा था कि सरकार ने किसानों को राहत देने के लिये बहुत अच्छे कदम उठाए हैं लेकिन किसानों के अलावा हमारी स्टेट मे ऐसे दूसरे अंग भी है जिनकों इस तरीके के मुआवजे की जरूरत हैं। मै अर्ज कर रहा था कि हरियाणा में मजदूरो की द ाा अच्छी नही हैं, उनको कानून की राहत ठीक नही मिलती हैं। उनकी रिसै ान की वजह से रिट्रैचमैंट हो रही हैं, उनको नौकरी से हटाया जा रहा है। बिजली की कमी की वजह से बहुत से मजदूरों को नौकरी से निकाला जा रहा हैं। मै सिर्फ इतनी बात कहना चाहता हूं कि यह पालिसी मैटर हैं इसलिये इस बारे सरकार सोच विचार करके गरीब मजदूरों को राहत दें।

चौधरी बलबीर सिंह ग्रेवाल(मढाल खुर्द): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे से पहले आनरेबल सागर राम गुप्ता जी ने एप्रोप्रिए ान बिल पर बोलजे हुए कुछ बातें कही। उन्होने इस बील के बारे में कहा हि यह बहुत बढियां बिल हैं किसानों को इस बिल से काफी रहात मिलेगी। इसके इलावा उनहोने मजदूरों के बारे में बातें कही और एक बात यह भी कही कि आम आदमी को गवर्नमैंट के बारे में जा जनरल इम्प्रै ान हैं वह सबको मालूम है तथा उन्होनें प्रान्त में वाइंड स्परैड क्र ान के बारे मे बातें कहीं उनके लिए मै गुप्ता जी का धन्यावाद करता हूं। माननीय अध्यक्ष महोदय, लोगो का जो गलत इम्प्रै ान है वह गवर्नमैंट म ीनरी के बारे में हैं। सरकार द्वारा जो प्लानिगं बनाई जाती हैं उसको इम्पलीमैंट करने के लिए एक म ीनरी होती हैं। अगर उस म ीनरी का कामन के लिए इन्ट्रैस्ट बना हुआ हैं या नही । इस बारे में मुझे एक बात याद आती हैं। यह बात अढाई हजार वर्श पहले की हैं। उस समय चीन में राजा कंफ्यू ियस राज करता था उसके पास एक राजा जाता है और कहता हैं कि महाराज मुझे राज करने के लिए कोई बढियां नुक ाा बताएं। महाराजा कंफ्यू ियस ने उस राजा से कहा कि बढिया राज चलाने के लिए तीन चीजें जरूरी होती हैं। एक जनता में वि वास, दूसरी भोजन और तीसरी फौज–पुलिस। अगर ये तीन चीजे रहेंगी तो आपका भाासन बहुत बढिया तरिकें से चलेगा। अस राजा ने कहा कि महाराज तीन चीजें तो ज्यादा है आप कोई दो चीजें बताए। जिससे हमारा राज अच्छी तरह से चलता रहें और ज्यादा दिक्कत

भी न रहे। फिर महाराता ने कहा कि आप फौज हटा दीजिएगा तो काम अच्छी तरह से चलता रहेंगा और आपकी प्लालिगं बनती रहेंगी और इम्पलीमैंट होती रहेंगी। लेकिन थोडी़ देर सोचने के बाद उस राजा ने महाराजा कंफ्यू ि ायस से कहा कि महाराज एक ही चीज रहने दिजिए तो महाराज ने कहा कि भोजन की भी जरूरत नही है आप सिर्फ वि वास रखिए। अगर जनता का वि वास आपकी म ीनरी में है, आपकी गवर्नमैंट में है और आपके सरकारी अफसरान में है तो आपका राज बहुत अच्छे तरीके से चलता रहेगां। अगर जनता का वि वास आपकी म ीनरी से उठ गया तो जनता विद्रोह कर देगी। जो कि हमारे प्रदे ा में हा रहा हैं। अध्यक्ष महोदय मुख्यमंत्री जी इस समय हाउस में नही बैठे हैं। कल उन्होने कहा था कि क्र ान तो खत्म नही सकती।(ाोर)

श्री अध्यक्षः ग्रेवाल साहब, आप एप्रोप्रिए ान बिल पर ही बोले और आप वाईड अप करें।

चौधरी बलबीर सिंह ग्रेवालः ठीक हैं जी। मैं दो मिनट में खत्म कर दूंगा। मैं यह कह रहा था कि बल मुख्य मंत्री जी ने कहा था कि क्र ान खत्म नही हो सकती। अध्यक्ष महोदय, इस दे ा में भ्रश्टाचार को खत्क करने के लिए लोगों ने कुर्बानियां दी लेकिन हमारे दे ा में क्र ान बढ चढ कर मिलेगी और बेरोजगारी बढ चढ कर मिलेगी। हमारे दे ा के लोगो ने इस किस्म की आर्थिक कंडी ान को सुधारने के लिए कुर्बानीयां दी थी। आजकल

दे ा में और हमारे प्रदे ा में हालत यह है कि उन कुर्बानिया को बेमायने किया जा रहा हैं। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, मै बिजली के बारे में एक बात कहना चाहता हूं। हमारे जिले में बिजली पर दो–तिहाई कट लगा हैं जैसे बिजली मंत्री जी ने बताया कि 9 घंटे बिजली किसानों को आल्टरनेट डेज पर मिलती हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरे जिलें में फैमिन लाइक केडी ांज हो रही हैं। ज्वार, बाजरा, ग्वार और कपास की फसलें बिल्कूल बर्बाद हो गई हैं। इसलिए मै बिजली मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि आप भी किसान के बेटे हैं किसानों की तरफ भी ध्यान दें । किसान ज्यादा देर इंतजार नही करेंगे। आप किसानों को बिजली सप्लाई करने के लिए बाजार 10 बजें से 4 बजे तक बन्द कर दीजिए और बड़े– बड़े कारखानो को बिजली की सप्लाई बंद कर दीजिए और किसानों को वार फटिंग पर बिजली दीजिए। यदि किसानों को 12 या 14 घंटे बिजली मिलें तो उनकी फसलें बच सकती हैं लेकिन बिजली न मिलने के कारण किसानों की फसलों का बड़ा भारी नुक्सान हुआ हैं। केवल यही नही मेरे हल्के मे 50 ऐसे ट्रांसफार्मर है जो जल चुके हैं ओर लगभग 4 महीने हो गए उनकी आज तक रीप्लेसमैंट नही हो पा रही है। इसके बावजूद भी सरकार ने बिजली के रेट बढा दिए। अध्यक्ष महोदय, पिछले साल बिजली के रेट बढाने के विरोध में हमारे जिले भिवानी में लगभग एक लाख लोग इक्कठे हुए थें। उस दोरान एक नौजवान महाबीर नाम का लड़का भाहीद हुआ था। अध्यक्ष महोदय, भाायद उस समय आप बिजली मंत्री थें। उस समय सरकार ने बिजली का बढाया रेट

वापिस ले लिया था लेकिन अब एक साल के बाद फिर से रेट सैक्टर में टैक्स बढा दे लैकिन किसानों पर टैक्सों का बोझ न डालें। किसान ऐसी हालात में नही है कि व टैक्सों का बोझ वहन कर सकें। किसान की हालत इतनी खराब हैं कि सरकार भ्रश्टाचार को मिटाए, बैरोजगारी को मिटाए ओर किसानों की आर्थिक द ाा सुधारने के लिए कोई ठोस कदम उठाए। इसके अलावा मै यह कहना चाहता हूं कि सरकार जितनें भी टैक्स लगाए वह उन लोगों पर लगाए जिनकी टैक्स कैपसिटी हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह अपील करना चाहता हूं कि सरकार भ्रश्टाचार को मिटाए और बेराजगारी को मिटाने के लिए सरकार को पूरी कोि ा ा करनी चाहिए नही ता जनता ज्यादा देर इंतजार नही करेगी। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुाअ अपना स्थान लेता हूं।

श्री हरि चन्द हुड्डा (किलाई): स्पीकर साहब जो ऐप्रोप्रिए ान बिल सदन मे पे ा किया गया हैं उस पर चर्चा चल रही है। इस बिल में कहा गया हैं कि सरकार ने किसानों को बहुत फायदा दिया हैं। स्पीकर साहब, आप भी किसान हैं। आप किसानों के बारे मं बहुत अच्छी तरह से जानतें हैं लेकिन इन लोगों को यह पता नही है कि आज किसान टैक्सों के बोझ के नीचे कितना दबा हुआ हैं और कितना दुखी हैं। स्पीकर साहब, इस मोतियों वाली सरकार ने किसानों को तबाह कर दिया हैं। औलावृश्टि के कारण हुए नुक्सान का पैसा किसानों का दिया था

वह सब से पहले हमारी सरकार ने दिया था। उसी प्रथा को यह सरकार निभा रही हैं। स्पीकर साहब, जब आका ा में बिजली कड़कती हैं तो चने के फूल मर जाते हैं और चने की फसल खराब हो जाती हैं इसलिए सरकार को किसानों को उसका मुआवजा भी देना चाहिए। स्पीकर साहब, आप भी किसान हैं आपको मालूम होगो जब उधर की हवा चलती हैं (पि चम की) तो सारी फसल खराब हो जाती हैं इसलिए किसानों को उसका भी मुआवता मिलना चाहिए। स्पीकर साहब, यह मोतियों वाली सरकार आज तक किसानों को कुछ नही दे पाई हैं। स्पीकर साहब, जितने भी डिवैल्पड कंट्रीज है वे किसानों के कंधो पर चल रहे हैं लेकिन इस सरकार के लिए मैं एक ही बात कहता हूं:–

पक्षी समझते है चमन बदला,

हंसते है सितारे गगन बदला.,

मगर भम ाान की खामो ाी कहती हैं,

ला ा वही सिर्फ कफन बदला हैं।।

स्पीकर साहब, यह सरकार गरीब किसानों का नाम ले कर और गरीब मजदूरों का नाम ले करके 20 साल से इस दे ा को तबाह कर रही है। मैं इस सरकार से यह कहना चाहता हूं कि अब किसान और मजदूर जाग गया हैं इसलिए वह दिन दूर नही जिस दिन किसान और मजदूर अपना हक अव य लेगा। इन

भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

श्री राम बिलास भार्मा (महेन्द्रगढ़): माननीय अध्यक्ष महोदय, एप्रोप्रिए ान बिल आज पास होने जा रहा हैं। मै भी इस बिल पर अपने विचार प्रकट करने के लिए खड़ा हुआ हूं। एक तरफ तो सरकार अनुपूरक मांगे पे ा करते जनता पर करों का बोझ बढाती जा रही हैं और दूसरी तरफ सरकार अपनी फंक ानिंग पर विचार नही कर रही हैं। अध्यक्ष महोदय, नैचूरल कलेमीटीज से जिन किसानो की फसल खराब हुइ है उनको कम्पनसेट करने के लिए यह सरकार 15 करोड़ रूपये की रा ि ा सदन से मंजूर करवा रही है। एक तरफ किसानों पर टैक्सों का बोझ डाल कर उनको बर्बाद होने के लिए मजबूर करती हैं। स्पीकर साहब, हरियाणा में महेन्द्रगढ़, भिवानी ओर गुड़गावा जिलों में नहरों से सिंचाई बिल्कूल नही होती है। स्पीकर साहब, मैं महेन्द्रगढ़ कांसटीच्यूएंसी को रिप्रजैन्ट करता हूं। हरियाणा में महेन्द्रगढ़ जिले में सबसे ज्यादा गहरा पानी हैं। सैकडो़ गांव ऐसे है जिनमें पीने का पानी उपलब्ध नही हैं और उन लोंगों को पडो़सी गांवो से पीने का पानी लाना पड़ता हैं। स्पीकर साहब, पहले बिजली के मामले में वहा के किसानों को 19 पैसे पर–यूनिट रियायत दी जाती थी लेकिन उनको इन्होने घटा कर 12 पैसे कर दिया और अब फिर इन्होन 5 पैसे पर–यूनिट की वृद्वि उनके ऊपर और कर दी हैं। फिर यह सरकार कहती हैं कि किसानों को कम्पनसेट किया जा

रहा हैं।(ाोर) हम जिन लोगो द्वारा चुन कर आए हैं उनके हितों के लिए और उनके न्याय के लिए बात यहां पर कह सकते हैं।(ाोर) स्पीकर साहब, आज लगभग सभी पब्लिक अंडरटेग्जि घाटे में जा रही हैं जिसकी एक मिसाल मै हाउस को बताना चाहता हूं। पेहवा के अन्दर जो मधु घी तैयार कर रहे हैं वह तो लाभ में जा रहे हैं लेकिन वीटा घी प्लांट घाटे में जा रहा है जबकि एक ही गाय का दूध और एक ही भैंस का दूघ दोनों को सप्लाई हा रहा हैं। डेरी डिवैल्पमैंट के अधीन जा वीटा घी तैयार किया जा रहा हैं वह वर्श मे 28–29 लाख रूपये घाटे मे जा रहा हैं स्पीकर साहब, इस संबंध में सारे हिन्दूस्तान की एक रिपोर्ट छपी थी जिसके मुताबिक दुधारू प ाु सारे भारतवर्श में हरियाणा के अन्दर सब से ज्यादा बताए गए हैं। रिपोर्ट में यह भी लिखा हैं कि यहां के प ाुओं का फैट भी सबसे ज्यादा हैं। स्पीकर साहब, गुजरात के खेड़ा जिलाा में वहा की सरकार द्वारा घी तैयार किया जा रह हैं वह फर्म फायदे मे हैं। यहां पर रा–मैटिरियल सस्ता हैं दूसरी चीजों की सुविधा है फिर भी हमारा वीटा घी हर साल घाटे में जा रहा हैं। एक तरफ तो ये बिजली के रेट बढा रही है और दूसरी तरफ लोगो को सुविधा भी नही दे रहें है। हमार आई0पी0एस0 साहब ने बताया कि हजारों ट्रांसफार्मर जले हुए हैं। एक ट्रांसफार्मर की कीमत लगभग 35 हजार रूपये हैं लेकिन सरकार ने इस बात पर गौर फरमाने के लिए कभी कोई सोच विचार नही किया, सरकार ने अपने विभाग द्वारा कोई जांच नही की जिससें इस नुकसान का कारण मालूम हो सके। हमारी

म ाीनरी बिल्कूल फेल हो चुकी हैं लेकिन फिर भी सरकार को कोई भी चिन्ता नही हैं। यहां पर पीने के पानी का समुचित प्रबंध भी नही हैं। पब्लिक हैल्थ विभाग पीने के पानी की जो सुविधा अब करने जा रहा हैं वह काफी दिन पहले हो जानी चाहिए थी। प्रान्त के लोगों को स्वच्छ तथा मीठा पानी बहुत पहले मिल जाना चाहिए था। इस प्रकार से लगा कर अधिक से अधिक लोगो को पीने के पानी की सुविधा देनी चाहिए। इस विभाग के हमारे जा मन्त्री है वे इस स्कीम का नाम जल विकास की बजाये मल विकास बता रहे हैं। स्पीकार साहब, पानी का सवाल हरियाणा प्रदे ा के लोगों की जिन्दगी के साथ जुड़ा हुआ हैं। (ाोर) स्पीकार साहब, अब मै हैल्थ डिपार्टमैन्ट के बारे में कहना चाहता हूं। सिविल अस्पताल महेन्द्रगढ़ का एक डा0 जुकाम की दवाई भी 57 रूपये की लिखता हैं।(ाोर) स्पीकार साहब, डेली ट्रिब्यून में एक खबर छपी है कि बस व टैंकर की टक्कर मे दो आपमी मरे और 16 घायल हुए। उन्हे स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया परन्तु वहां उपचार की उचित व्यवस्था न होने के कारण उन्हे प्राईवेट डाक्टरो ंकी दुकानों पर मरहम पट्टी करवाते देखा गया। Again i would like to enlightenthis House about the inefficiency of the Health Department, स्पीकार साहब, एक अगस्त के दैनिक ट्रिब्यून में एक खबर छपी है कि डालनवास में एक 11 वर्शीय लडकी का भाव जो अपने पिता की वासना का ि ाकार हुई थी, का पोस्टमार्टम एक एक मन्त्री ने रूकवा दिया। (विघ्न एव भाोर)

श्री अध्यक्षः आप किस तरह की बातें कर रहे हैं आपको इस ऐप्रोप्रिए ान बिल के बारे में बालना चाहिए। यहां पर हैल्थ विभाग के बारे के कोई बात नही हो रही।(भाोर)

श्री राम बिलास भार्माः स्पीकर साहब, मैं इस ऐप्रोप्रिए ान बिल से ही सम्बन्धित बाते कह रहा हूं। इस ऐप्रोप्रिए ान बिल का पब्लिक हैल्थ से सम्बन्ध हैं। It is conecerned with the efficiency of the Health Department, Sir. हम अपने हल्के के लोगों की बात आपके माध्यम से यहां पर कह सकते हैं। आपकी इजाजत से ही हम बोल सकते है। हम अपने लोगों के न्याय की बात कह सकते हैं, उनको न्याय दिलाने का हमारा हक बनता हैं। Speaker, Sir again there was a news item in the Tribune, dated the 10th August, 1982 under the caption "Hospital under a cloud." अखबार में छपा है कि महेन्द्रगढ़ के अस्पताल में एक मैडिकल अफसर और एक कैमिस्अ का ''रैकेट'' हैं। डा0 वही दवाईयों लिखता हैं जो उस की दुकान पर होती हैं। मेरे पास एक फोटो स्टैट कापी हैं जिसमें डा0 ने प्रेसक्रिप् ान खुद चेन्ज की हुई हैं। Again, Sir, there is an information with me. There was a delivery case and the patient was inhumanly treated. The patient was lying in the labour room and the lady doctro demanded some bribe. The poorlady was unable to give that. At last, she gave her ear rings and the delivery was performed. All this shows how inhuman and callous in this dipartment. हैल्थ डिपार्टमैंट के अन्दर अन्धेरगर्दी मची हुई हैं। और इन सब बातों से यह पता चलता हैं कि हैल्थ डिपार्टमैन्ट के

अधिकारी और मन्त्री अपने डिपार्टमैन्ट के प्रति कितने जागरूक हैं (विघ्न) It is a photo-stat copy of prescription of the doctor. (ाोर)

श्री अध्यक्षः इस बात की यहां पर क्या इम्पोर्टैंस है और क्या रैलेवैन्सी है? आप कोई भी अखबार या मैगजीन लेकर खर्डे हो जाते हैं। You cannot read out newspapers and level allegations in this house in such a manner.

श्री राम बिलास भार्माः स्पीकर साहब, यह एक संगीन मामला हैं।

श्री अध्यक्षः आपको यहां पर ऐसी बात नही कहनी चाहिए।

श्री राम बिलास भार्माः स्पीकर साहब, इतनी अधिक बातें होने पर भी अब तक कोई कार्यवाही नही की जा रही। हम अपने हल्के के लोगों की कठिनाइयों को आपके माध्यम से सरकार तक पहुंया सकते हैं हम उनके साथ न्याय मांग रहे हैं

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, यदि उस डा0 की बदली वहा से हो जाये तो सारी समस्या का समाधान हो सकता हैं।

श्री राम बिलास भार्माः डा0 तो बदला ही नही जा सकता, क्योंकि वह तो चण्डीगढ़ मे आकर ******(ाोर)

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला): स्पीकर साहब, * * * * * *इन्हे नही कहनी चाहिए थी। इस बात को एक्सपंज करवा दीजिए।

श्री अध्यक्ष: आप दो मिनट में खत्म कर दे and please speack on the bill.

Sh. Ram Bilas Sharma: As per your vishes, I will speak on the provision of the Bill and will not cite quotations from the newspepers. हालाकि हरियाणा के लोगों की हित की बात थी(ाोर) हरियाणा की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा किया जा रहा हैं। उनके हितों को चोट पहुंचाई जा रही हैं। उनकी आवाज को हम यहां पर उठा सकते हैं बहुत दिनों से सारे प्रान्त के लोग दुखी हैं। सरकार को उनके साथ न्याय करना चाहिए। स्पीकर साहब, अन्त में मै अपनी भावनाओ को आपके माध्यम से सरकार तक पहुंचाता हुआ और इस एप्रोप्रिए ान बिल का विरोध करते हुए स्थान ग्रहण करता हूं।

12.00 बजे

चौधरी कुलबीर सिंह मलिक(जुलाना): स्पीकर साहब, जो एप्रोप्रिए ान बिल हाउस के अन्दर आया हैं, मै उसका विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस बिल को देखने से पता लगता हैं कि सरकार ने बहुत सा पैसा सैलरीज पर लगाया हैं जबकि ज्यादातर खर्च डिवैल्पमैंट के कार्यो के लिये होना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्का जुलाना के साथ सोतेली मां जैसा सलूक किया

जा रहा है। वहां किसी किस्म की डिवैलपमैंट का काम नही हो रहा है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, यह बात दुरूस्त है कि डिवैल्पमैंट का काम वही किया जा रहा हैं जहां का एम0 एल0 ए0 सरकार की तरफ चला जाता हैं। (विघ्न)

चौधरी कुलबीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, मेरे हल्का जुलाना के अन्दर पानी की बहुत कमी हैं क्योंकि वहां ट्यूबवैल कामयाब नही है। इसलिए सबसे पहले जो मेरी मांग है वह यह है कि बरसात के समय जबकि हरियाणा के दूसरे इलाकों को काफी पानी उपलब्ध होता हैं, कम से कम ड्योढा पानी मैरे हल्के को दिया जाए। रजबाहों मे एक फ्री बोर्ड होता हैं। वह मेरे हल्के में एक फुट की ऊंचाई पर है जबकि वह कम से कम 2 फुट की ऊंचाई पर होना चाहिए। एक फुट की ऊंचाई पर होने के कारण जब पानी ज्यादा चढ जाता है तो वह टूट जाता हैं और किसानों के ऊपर झूठे मुकदमें बनतें हैं। इसकी तरफ सरकार का ध्यान देना चाहिए।

स्पीकर साहब, हल्का जुलाना के अन्दर दो गांव मालवी और गतौली में फव्वारे लगाने की स्कीम सैक ान की गई थी लेकिन व आज तक नही लगें। इस काम को भी सरकार को जल्दी से जल्दी करवाना चाहिये।

स्पीकर साहब, हल्का जुलाना मण्डी एक बहुत अच्छा कस्बा हैं लेकिन वहां पीने के पानी की सुविधा नही हैं। वहा पीने का पानी नदी से आता हैं लेकिन वह फिल्टर नही किया जाता जिसकी वजह से लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ता हैं।

लोक स्वास्थ्य राज्य मंत्री(चौधरी लाल सिंह): स्पीकर साहब, माननीय सदस्य जो कुछ कह रहे हैं, अपनी पापुलैरिटी बनाने के लिये कह रहे हैं क्योंकि इन्होने यह बात आज तक नही बताई। अगर ऐसी बात थी तो इन्हे मैरे पास आना चाहिए था।

श्री अध्यक्ष: जैन्टलमैन, आज चूंकि सै ान का लास्ट डे है इसलिये मै काफी ढील दे रहा हूं वरना रूल 203(4) मे लिखा है—

"The debate on a Appropriation Bill Shall be restricted to matters of public importance or administrative policy implied in the grants covered by the Bill which have not already been raised while the relevant demand for grants were under consideration."

इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि डिसक ान के दायरे को इतना वाईउ न करें।

श्रीमती चन्द्रावती: स्पीकर साहब, हाउस में ज्यादातर नए मैम्बर हैं। इसलिये इनका टू दी प्वायंट डिसक ान से थोड़ा बहुत इधर उधर हो जाना स्वाभाविक हैं। इनको बोलने का पूरा मौका देने के लिये हम आपके बहुत भाुक्रगुजार हैं। **चौधरी कुलबीर सिंह**

मलिकः स्पीकर साहब, मेरे कहने का मतलब यह हैं कि डिवैल्पमैंट वर्क बिल्कुल नही हो रहा हैं जबकि एप्रोप्रिए ान बिल में डिवैल्पमैंट वर्कस का ध्यान रखा जाना चाहिए था।

स्पीकर साहब, 6 महीने पहले सी0एम0 साहब जुलाना गए थे। वहां इन्होने बस स्टैन्ड बनवाने का वायदा किया था लेकिन वह आज जक नही बना। स्पीकर साहब वहां ऐकसीडैन्ट बहुत होते है। इसलिये मेरी प्रार्थना हैं कि जगह लेकर जल्दी से जल्दी वहां बस स्टैन्ड बनवाया जाए।

अध्यक्ष महोदय, वहां सीवरेज स्कीम चालू की गई है लेकिन आठ– आठ फुट गहरे नाले खुदे पड़े हुए हैं। वहां बहुत से प ा गिर कर मर गये हैं। इसलिये इस काम को जल्दी से जल्दी पूरा करवाया जाए।

स्पीकर साहब, जुलाना के अन्दर जिस तरह पिछली बार गेंहू और चने की फसल बरसात में खराब हो गई थी उसी प्रकार अब सूखे की वजह से फसल खराब हो गई हैं। ओलावश्टि से फसल तबाह होने का तो मुआवजा दिया जाता हैं लेकिन सूखे की वजह से नश्ट होने वाली फसल का कोई मुआवजा नही दिया जाता। इसका भी लोगों को मुआवजा मिलना चाहिए। उनका लगान भी बिल्कूल माफ कर देना चाहिए और कर्जो की कि तों में भी ढील दी जानी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, जुलाना के अन्दर अस्पताल तो है लेकिन दवाइयों की कोई सुविधा नही हैं। जो दवाइयां जाती हैं वे ब्लैक में बेच दी जाती हैं। इसकी तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए।

स्पीकर साहब, मै आपकी मारफर सुरजेवाला जी के नोटिस मे लाना चाहता हूं कि जुलान के अन्दर बिजली के कनैक ान दो साल से नही लग रहे हैं जबकि लोगों ने सिक्यारिटी जमा करवा रखी हैं। सिक्योरिटी लोागों न कर्जा लेकर दी थी। उसकी कि तें तो उन्होने देनी भाुरू कर दी हैं लेकिन बिजली के कनैक ान्ज उन्हे अभी तक नही मिले हैं। मन्त्री महोदय कृपया इस तरफ ध्यान दें।

स्पीकर साहब, मेरी सरकार से प्रार्थना है कि पक्की नालियों का खर्च सरकार को स्वयसं बर्दा ात करना चाहिए। मेरं हल्के जुलाना में नालियां दूसरे तीसरें दिन टूट जाती हैं क्योकि उनके अन्दर अच्छा मैटीरियल नही लगाया जाता। उनका लैवल भी ठीक नही किया जाता। इस तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए।

अन्त मे अध्यक्ष महोदय, मै यही कहना चाहता हूं कि सरकार को सब जगह एकसा काम करना चाहिए। यह नही करना चाहिए कि अपोजी ान के मैमबर्ज के एरिया में ता कोई काम न

करवाया जाए और ट्रेजरी बंचिज के मैंम्बर्ज की कांस्टिचुएन्सीज में ज्यादा से ज्यादा काम करवाया जाए।

चौधरी हुकम सिंह फोगाट(दादरी): स्पीकर साहब, यह जो ऐप्रोप्रिए ान बिल आया है कि इसका विरोध करने के लिये तो नही खड़ा हुआ लेकिन चन्द बातें सरकार को बताना चाहता हूं। ओले पड़ने के कारण कुछ महीने पहले किसानों की फसलें नश्ट हो गई थी। उनको मुआवजा देने के लिए कुछ पैसा हाउस से मांगा जा रहा हैं। अध्यक्ष महोदय, औले फरवरी–मार्च के महीने में पड़े थें लेकिन अफसोस की बात यह है कि जिला भिवानी में, खास तौर पर दादरी में आज तक पैसे नही बांटे गए। राहत ता तुरन्त मिलनी चाहिए थी लेकिन वह आज तक नही मिली। पटवारी इतलाह तो दे देता हैं, एस0 डी0 एम0 जाता भी हैं लेकिन कुछ लोगों को पैसे देकर वह आ जाता हैं। इस तरफ सरकार ध्यान दें।

अध्यक्ष महोदय, चौधरी भाम ेर सिंह जी यहा बैठे हैं। हम तो सोचते थे कि बिजली के महकमें में बडा़ सुधार होगा लेकिन अभी तक हमें ऐसी कोई बात नजर नही आई। जिला भिवानी में केवल 6–7 घंटे बिजली दी जाती हैं और वह भी रात को। मेरी प्रार्थना हैं कि बिजली रात की बजाएं दिन को दी जानी जाए।

स्पीकर साहब, भिवानी में कहत से फसल नश्ट हो चुकी हैं। वहा ज्वार और बाजरा मेन फसल हैं। वहां 100 फिसदी कहत पड़ चुका हैं। इस समय अगर बिजली का प्रबन्ध सरकार कर दे तों चने बोये जा सकते हैं। हर गांव में कम्पलेन्ट सेन्टर नही हैं। कई बार बिजली खराब होने पर कम्पलेन्ट करानें के लिए दूसरें गांव में जाना पडता हैं। रात को बिजली खराब होने पर और भी ज्यादा दिक्कत का सामना करना पडता हैं। इसलिये हर गांव में कम्पलेन्ट सेन्टर हो जाऐ ता बिजली ठीक करने के लिए जल्दी से आदमी बुलाया जा सकता हैं। दूसरें किसानों को दिन की अपेक्षा रात को ही बिजली दी जाती है। अगर उनको दिन में बिजली दे दी जायें तो अधिक खेत सिंचाई हो सकती हैं। मैं मन्त्री महोदय से निवेदन करूंगा कि व किसानों की हालत को देखकर अधिक बिजली देने का प्रबन्ध करें। किसानों को नौ बजे से छः बजें तक आलअरनेटिव डे पर बिजली दी जाती हैं। अगर इस समय ज्यादा बिजली दे दी जाए तो किसानों की यह फसल और अगली फसल भी हो सकती हैं।

जहां तक लैन्ड ऐक्वीजी ान को सम्बन्ध है किसानों की जमीन ऐक्वायर होने के बाद भी बहुत दिनों तक उनको पैसा नही मिलता और कुछ मिलता हैं वह बहुत कम मिलता हैं। आपको ंपता हैं कि हर आदमी केस लड़ने के लिए अदालत नही जा सकता। जो लोग अदालत में चले जाते हैं उन्हे बढाकर मुआवजा मिल जाता हैं और जो लोग नही जाते है उन्हे बढाकर मुआवजा

मिल जाता हैं और जो लोग नही जाते उन्हे मुआवजें से वचित रह जातें हैं। जब सरकार से कहा जाता हैं तो कह देते हैं कि लैन्ड ऐक्वीजी ान एक्ट भारत सरकार का हैं, हम कुछ नही कर सकते। किसान की जमीन ऐक्वायर करने के बाद बहुत कम कम्पनसे ान दिया जाता हैं। अदालतों में किसानों की जमीन को कम्पनसै ान का फैसला होने में भी आठ–दस साल लग जाते हैं अगर समय पर कम्पनसे ान मिल जाये तो और जगह पर वे जमीन ले सकते हैं अगर उनको फालतू कम्पनसै ान दिया जाता हैं तो उसका इन्ट्रैस्ट भी कोर्ट ही दे सकती हैं, सरकार अपनी और से नही देती। किसानों को अदालतों के दरवाजें खडखडाने के बाद ही इन्टैसट दिया जाता है। सरकार को इस और वि ोश ध्यान देना चाहिये।

Mr. Speaker: There has been enough discussion on the bill.

श्रीमती चन्द्रावती: स्पीकर साहब, मै भी बोलना चाहती हूं। स्पीकर साहब कई नये एम0 एल0ए0 आये हैं, अभी वे ही बोले हैं इसलिये हमें भी बोलने का टाईम दें।

श्री अध्यक्ष: दो तिहाई अपोजी ान एम0 एल0एज0 को ही बोलने का समय दिया जा चुका हैं।

श्रीमती चन्द्रावती: स्पीकर साहब, मुझे तो समय अव य मिलना चाहिए।

श्री अध्यक्षः आप बार बार वही बात कह रही हैं कि समय मिलना चाहिए। एक बिल पर क्या सारे मेम्बरान को समय मिल सकता हैं। अपोजी ान के मैम्बरो ने ज्यादा समय लिया हैं। अगर आप बोलना चाहती हैं तो बोल लें।

श्रीमती चन्द्रावतीः रो ान लाल आर्य को आप समय दे दें। वे नये सदस्य हैं।

श्री अध्यक्षः अगर आप बोलना चाहती है तो समय दे सकता हूं।

श्रीमती चन्द्रावतीः आप नये सदस्यों को भी मौका दें।

चौधरी रौ ान लाल आर्यः स्पीकर साहब, मै तीन दिन से कोि ा ा कर रहा हूं कि टाईम मिलें। लेकिन मुझे समय नही मिल रहा।

श्री अध्यक्षः मैने अपोजी ान को ज्यादा से ज्यादा टाईम देने की कोि ा ा की हैं। I will give you time later, Now Shrimati Chadravati may please speak.

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, मै एप्रोप्रिए ान बिल का विरोध करने के लिए खडी़ हुई हू क्योकि इस पैसे का ठीक इस्तेमाल नही हुआ बल्कि मिस–यूज हुआ है। सारा पैसा हमें ाा मिस –एप्रोप्रिएट होता हैं। मैं ऐजूके ान डिपार्टमैंट के बारे में सरकार द्वारा दिए गए आकड़े सदन के सामने रखना चाहती हूं।

आज हमारे यहां 85 लाख के करीब लोग अनपढ हैं। हमारे संविधान में लिखा हुआ हैं कि जितनें भी हमारे भाई बहिन है उन सब को स्कूल भेजना हैं और हर स्त्री और पुरूश को ि ाक्षा देनी हैं लेकिन आज कितनें लाखों की तादाद में हमारे भाई बहिन अनपढ हैं। पढाई के बारे में हमारे डायरेक्टिव आफ प्रिसीपल में लिखा हुआ हॅ कि हर व्यक्ति को भिाक्षित किया जायें। जो सरकार 37 साल में पढाई–लिखाई का प्रबन्ध न कर पायी हों, वह सरकार संविधान के खिलाफ है और उसकों रहने को कोई हक नही हैं।

स्पीकर साहब, हमारे यहां हरियाणा मे 17 हजार लड़कियों ने होम साईस की ट्रेनिंग की हैं। ट्रेनिग में भी वे बेंचारी पैसा दे कर दाखिल होती हैं यानि ट्रेनिग स्कूल के लोग उनसे पैसा लेते हैं लेकिन उन लड़कियों को आज तक सर्विस नही मिली हैं। जिन लोगों की जमीन नही होती उन्ही की लड़कियां ये ट्रेनिंग लेती है। ि ाक्षा मन्त्री यहां पर बैठे हुए हैं ह्यूमेटेरियन ग्राउन्ड पर भी उनका फर्ज बनता हैं कि सब लड़कियों को काम दिलाये। स्पीकर साहब, अगर कोई सही बात होती तो मै इस एप्रोप्रिए ान बिल को स्पोर्ट कर सकती थी लेकिन सरकार ने जो फिगर्ज दी हैं उनको देखते हुए मैं स्पोर्ट नही कर सकती। स्पीकर साहब, इसी तरह आर्ट एंड क्लचर की बात हैं। हरियाणा में आर्ट ड्रांईग को कहते हैं और नाचने को कल्चर कहते हैं लेकिन आज तक सरकार ने किसी भी पेंटर की मदद नही की है, नाचने वालों की मदद की हो तो पता नही।

स्पीकर साहब, अभी हमारे माननीय सदस्य ने कहा था लेकिन आपने उसे बोलने की इजाजत नही दी। उसने कहा कि सांवला कलां गांव के लड़के को पुलिस स्टे ान ले जा कर बहुत बुरी तरह से मारा–पीटा गया और वह मर गया।

स्पीकर साहब, ऐप्रोप्रिए ान बिल में कैपिटल आउट–ले और स्माल, स्केल इन्डस्ट्रीज की बात कही गयी। स्पीकर साहब, आप इनकी हालत देखिए कि पानीपत टूरिस्ट कम्पलैक्स मे विदें ाो से लायी हुई चीजे जो बहुत छोटी–छोटी चीजें हैं व वहां बिकती हैं, पता नही जापान या कई अन्य दे ाों से आयी हुई हैं। छोटी छोटी पिन जो स्कूल जाने वाली छोटी छोटी लड़कियां लगाती हैं व समगलिंग से आती हैं।

आवाजें: वह क्नफीस्केटिड माल हैं।

श्रीमती चन्द्रावती: हमे क्या पता है कि वह माल सरकार कन्फीस्केट करके बेच रही हैं या कहीं और लाकर बेच रही हैं। (व्यवधान व भाोर)

स्पीकर साहब, यह जो रनिंग कमैनटरी है, यह बन्द होनी चाहिये। मैं कहना चाहती हूं कि गांव के लोगों को कोई भी इनी ीयेटिव नही मिल रहा हैं। गरीब लोगों की जमीन लेकर यह सरकार उन लोगों को देती हैं जो इंग्लैन्ड में बैठे हैं ओर जिनके पैसे से इन्होन हमारे खिलाफ चुनाव लड़ा हैं। स्पीकर साहब, गरीब आदमी को जमीन इनको नही लेनी चाहिये। यह गरीब आदमी की

जमीन लेकर बड़े–बड़े लोगो जो करोड़पति है और जो इनके चुनाव में इनको खूब चन्दा देतें हैं और इनका खर्च चलाते हैं, उनको जमीन लेकर देते हैं।(व्यवधान व भाोर)

उधोग मंत्री(श्री लछमन सिंह): आन ए प्वायंट आु आर्डर, सर। स्पीकर साहब, यह एप्रोप्रिए ान बिल पर कहां बोल रही हैं।(व्यवधान व भाोर) यह जो कह रही हैं कि विदे ाों से पैसा आता हैं कि कुछ माल जो कनफीस्केट सरकार लोगों से करती हैं, वही सरकारी दुकानों पर बेंचा जाता हैं(व्यवधान व भाोर)

श्रीमती चन्द्रावती: जब आप जवाब देना चाहे तो जवाब दे लेनां, हम आपका जवाब सुन लेंगे। लेकिन इस तरह से प्वायंट आफ आर्डर बनता नही हैं। स्पीकर साहब, मै स्माल स्केल इंडस्ट्रीज की बात कह रही थी। हमारे हरियाणा में कोई भी सामान स्माल स्केल इंडस्ट्रीज का बनता नही हैं। और तो क्या बनेगा यहां पर न तो पैन बनता है न पैसिल इत्यादि बनती हैं और पहले जो गावों मे सितार आदि लगानें को काम होता था, वह भी अब हरियाणा में कही नही होता। मेरे कहने का मतलब यह है कि पहले जो छोटी मोटी चीजें गावों में बनती थी, वे भी अब खत्म हो गई हैं क्योंकि ये छोटी मोटी चीजें भी यहां पर स्मगलिंग होकर आने लगी हैं स्पीकर साहब, अब मैं एजूके ान के बारे में कहना चाहती हूं, अब फिर चौधरी हरद्वारी लाल जी को वाईस चांसलर लगा दिया गया हैं। जब चौधरी भजन लाल जी मुख्यमन्त्री बने तो इन्होने उनको हटा दिया था। इसके बाद उनके साथ

काफी समय तक कोर्ट में मुकदमा चलता रहा। अब फिर उनको वाईस चांसलर लगा दिया गया हैं। पता नही कितना पैसा इस लिटीगे ान पर खर्च हुआ हैं। वह पैसा कहां से आता हैं। पैसा इनकी जेग से तो जाता नही हैं, वह तो सरकारी खजाने से आता हैं। मै इनसे यह पूछना चाहती हूं, इनके पास उसका क्या जवाब हैं कि उसको पहले क्यों हटाया गया था और अब फिर क्यों लगाया गया हैं। क्या मजबूरी थी जिसकी वजह से उसको हटाया गया था और कितनें पैसे इस लिटीगै ान पर खर्च हुए हैं। मैं वह बातें दोहराना नही चाहती जो मेरे दूसरे साथी पहले ही बोल चुके हैं। लेकिन एक बात मै अव य बताना चाहती हूं कि हमारा एक छोटा सा आदमी था जो पहले कैथल में होता था, उसकों एस0 डी0 एम0 बना दिया। उसकी एक कोठी भिवानी में हैं और एक पंचकूला हैं। उसने दो लड़कियों की भाादियां की हैं और उनके टीके में चांदी के बर्तन दिय है। मुझे ता 30 साल हो गये हैं। वकालत भी करती हूं और एम0एल0ए0 भी काफी समय तक रही हूं। आज तक कोई बैंक–बैलैन्स नही हैं। पता नही उसके पास इतना पैसा कैसे आ गया। सरकार को यह पता करना चाहिए, लोग यह कहते हैं कि जवाहर लाल नेहरू का राज अच्छा था। मै यह बात मानती हूं कि उन्होने बहुत अच्छा राज किया। मैं उस वक्त की ब्यूरोक्रेसी को दाद दिये बगैर नही रह सकती उस वक्त की बयूरोक्रेसी के दिलों में काम करने की उमंग थी। * * * * * * * * * *

श्री अध्यक्षः एक आदमी की बात लेकर how can you condemn a class as a whole?

Shrimati Chandravati: Sir, i am apperciating their role and am not condemning them.

श्री अध्यक्षः पुरानो को नये से कम्पेयर करके नयों के मुताबिक कुछ पहना और फिरप उनको कन्डैम करना, ठीक नही हैं।

Shrimati Chandravati: I have to say what the reality is. It is my duty. (व्यवधान व भाोर) वैसे जो भी आपका हुक्म होगा, उसको जनाब हम मानेंगे।

श्री अध्यक्षः यह ब्यूरोक्रैट्स के कम्पैरीजन वाल बात एक्सपंज की दी जाये।

Shrimati Chandravati: I am not condemning them.

Mr. Speaker: You have been condemning them. (Interruptions)

श्रीमती चन्द्रावतीः सर, मै अफसरों की बाबत बात कह रही थी। इस वक्त हालात यह है कि जो ईमानदार अफसर हैं या ईमानदार रहने की कोि ा ा करते हैं, उनके लिये कुछ महकमें चुन रखे हैं, उनको वहां पर लगाकर खुड्डें लाईन लगा दिया जाता हैं। उनके पास फाईल ही नही आती हैं। जो लोग उनको कमा कर देतें हैं, उनके बारे में मुझे यह कहना पड़ेगा कि उनको लेने देने वाली पोस्टों पर लगा दिया जाता हैं। यानी उनको हैड

आफ दी डिपार्टमैन्ट बना दिया जाता हैं या यह जो कम्पलैक्स फरीदाबाद में हैं, सोनीपत में हैं या जगाधरी में है, वहां पर उनको लगा दिया जाता हैं। मै यह कहना चाहती हूं कि एडमिनिस्ट्रे ान में आपको यही कुछ मिलेगा। एडमिनिस्ट्रे ान में आज घुन लग चुका हैं। एडमिनिस्ट्रे ान को आज दीमक लग चुका हैं। वह खोखला हो चुका हैं। उसमें अब कुछ बाकी नही हैं। इसलिये मै यह कहना चाहती हूं कि हमारे यहा इतनी करप ान हैं जिसकी कोई हद नही हैं। कोई कागज भी बिना कुछ दिये आगे नही चलता। एसा0 एस0एस0 बोर्ड की बात तो मै न ही कहू तो अच्छा हैं। * * * * * * * आज मैरिट को नाम मनी हो गया हैं I have to say it before this August House and I say it with all responsibility. क्योंकि इसके बिना इसका एडमिनिस्ट्रे ान नही चलता है। जो पैसा लिया जाता हैं, उसको मिस–एप्रोप्रिएट किया जाता हैं, एप्रोप्रिएट नही किया जाता। आज यह बात आपके सामने है कि चाहे पुल बन रहे हैं या और कुछ बन रहा हैं वहां पर कितनी गड़बड़ हो रही हैं । क्योंकि वहा पर पूरी चीजें नही लगायी जाती हैं इसलिये जब वे टूटेगें तो पता नही कितने लोग मरेंगें। इसके अलावा एक बात मै और कहना चाहती हूं कि नहरो में जो पानी छोडा जाता है, उससे भी लोगों से पैसे लेने के लिये उसमें कड़ी डाल दी जाती हैं। इसके अलावा एक बात मैं ओर कहना चाहती हूं कि जो ट्रांसफार्मर जल जाते हैं उसकी रिपोर्ट तब तक जी0ए0 नही भेजता जब तक उसकों पैसे नही दिये जाऐगें। वह कहेगा कि पैसे दे दो, मै तब रिपोर्ट करूंगा। मुझे

माफ करना यह तो नान–फंक ानिंग गवर्नमैंट है। जो पैसा देता हैं या दिलवाता हैं उसका तो काम हो जाता हैं बाकी को काम नही होता। यह बात मैं बड़ी जिम्मेवारी के साथ कह रही हूं। ट्रांसफर्ज होती हैं। पेहवा मे कितनी ट्रांसफर्ज हुई हैं और कितनी बाद में कैंसिल हुई हैं, इनके बारे में मैं कुछ नही कहना चाहती। (व्यवधान व भाोर)

श्री अध्यक्षः आप सिर्फ पेहवा का ही इन्सटांस क्यों देती हों?

श्री वीरेन्द्र सिहः सर, इसलिये कि आप अब पेहवा छोड़ गये हैं। अगर आप वही रहतें तो ठीक रहता।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, आज ही सुबह चीफ मिन्सिटर साहब ने जवाब मुझे दिया हैं कि हरियाणा में रोजाना का एक कत्ल हो रहा हैं। 126 कत्ल हरियाणा में 4 महीने के दोरान हुए हैं। चार महीने भी पूरे नही हुए हैं। फिर फिगर्ज कुलैक्ट करने में भी टाईम लगा होगा। मै यह मानती हूै कि भाई– भाई में भी झगड़े हो सकतें है लेकिन एक गल्त बात जो आजकल हो रही हैं वह यह है कि आजकल जो डाके पड़ते हैं या कत्ल होते हैं, वह पैसे के लिये होते हैं। यह ट्रैन्ड बहुत खराब हैं। इससे गरीब आदमी को तो कम खतरा होगा लेकिन जो पैसे वाले आदमी हैं, उनको ही ज्यादा खतरा होगा क्योंकि मनी के लिये आजकल ज्यादा कत्ल हो रहे हैं यह सबसे बड़ा और गल्त ट्रेन्ड है। यदि

किसी भाई–भाई में झगड़ा हो जाये और किसी आदमी को जो ा में आकर कत्ल हो जाता हैं , यह तो अलग बात है लेकिन जिस तरह से आजकल कत्ल हो रहे हैं, उस हिसाब से मैं यह कहती हूं कि एक दिन भी गवर्नमैंट को रहने का हक नही हैं। यह तो चुराये हुए और खरीदे हुए लोगों के सहारे सरकार चल रही है, कम से कम इसे लोगों को तो एम्प्लायमैंट देनी चाहिये। आज 17,000 के करीब लड़के एम्प्लायमैंट के लिये धक्के खाते फिर रहे हैं। फिर उनको ि ाक्षा की फैसिलिटीज जो दी हुई है और देनी चाहिये उसके बारे में मैं क्या कहूं। आज हरियाणा के सांइटिस्ट कैसे नये नये आविश्कार करेंगे। क्या सरकार उन कैकिस्टरी के स्टुडैनटस को काई इनीि ायेटिव दे रही हैं जो फर्स्ट क्लास लड़के हैं उनको क्या सरकार कुछ देती हैं ताकि वे भी कुछ नये आविश्कार करे? नही इसी वजह से हमारे लड़के विदें ाों मे जा रहे हैं। वह इसलिये वहां पर जाते हैं क्योकि वे यहां पर भूखें मरते है। उन बच्चों को पता नही उनके मां बाप ने कैसे दिन–रात मेहनत करके पढाया हैं अगर वह ही भूखा मरता हैं तो इससे बड़ी गलत बात और कोई हो नही सकती। उनको रात को खेत में काम करते समय सांप तक काट जाते हैं। हमारे एक गांव मिर्च में जिस वक्त वहां पर हमारे भाई काम कर रहे थें, उनके हाथ में सांप आ गया। मेरा कहने का मतलब यह है कि मा–बाप कितनी मेहनत करत हैं। मै सरकार के नाटिस में यह बात लाना चाहती हूं कि मां–बाप बड़ी मुि कलों से घर में एक लड़के को पढा पाते हैं, लड़की को मुि कल से पढा पाते हैं लेकिन उनको कोई

इनि ाएटिव नही मिलता। इनि ाएटिव की बात जा जाने दिजिए उनको कोई जोब नही मिलती। दलाल उनके पैसे खा जातें है और उनको कह दिया जाता हैं कि अब की दफा तो आपका काम नही बना। अगली दफा आप आना उस वक्त आपका काम करवाऐगें। मुझे याद है कि एक बहन ने भाई को नौकरी दिलवाने के लिए अपना ट्रैक्टर बेचा लेकिन उसका पैसा दलाल खा गए और उस लड़के को जौब नही मिली। लोगो ंकी बात सुनकर हमारी आखों में आसूं आ जाते हैं। यह इनके हित की बात हैं इस तरह की बातों को इनकों खत्म करना चाहिय, इस तरह की करप ान बन्द करनी चाहिए। जो लोग इनका नाम लेकर पैसा लेते हैं उनको बन्द करना चाहिए। स्पीकर साहब, मैं इतना है कर समाप्त करती हूं औरप इस बिल का विरोध करती हूं।

प्रो0 सम्पत सिंह(भट्टू कलां): अध्यक्ष महोदय, यह जो ऐप्राप्रिए ान बिल हमारे सामने आया है ठीक हैं। सरकार को डिवेलपमैंट के काम करने के लिये या मुआवजा देने के लिए जितने पैसे की जरूरत होती है उसके लिये हाउस में सरकार बिल ले आती है और पैसा मन्जूर करवा लेती हैं। इसके अन्दर जहां तक नेचुरल कैलेमिटीज की बात कही गई हैं और कहा गया है कि इतने करोड़ रूपया खर्च करने की इजाजत दी जाए। इसके साथ ही साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि गवर्नमैंटल कैलेमिटीज के लिए भी प्रोवीजन होना चाहिए। गवर्नमैंटल कैलेमिटीज इस तरह होती है जैसे एक जमींदार ने अपनीं जमीन में खुदाई और बुवाई

कर दी। उसको नहार का पानी मिल गय। उसने बीज बो दिया और कुछ सकय बाद उसकी फसल बाहर निकल आई। उसके बाद नही बन्द कर दी या जितना पानी पहले मिलता था उतना अब नही मिलता। पहले नहर कच्ची थी उसको पक्का करने के कारण पानी नही मिला या मोघा छोटा कर दिया या उसका लेबल ऊंचा कर दिया। इन सब बातों के करने से नतीजा यह निकला कि जितना पानी उसे पहले मिलता था उतना अब नही मिलता और उसकी फसल को नुक्सान हो गया। इसको गवर्नमैंटल कैलेमिटीज कहते हैं। इसमें ऐसी कैलेमिटीज का भी प्रावधान होना चाहिये। दूसरी बात है कि किसान की फसल खडी़ हो जाती है और उसमें फल लगने लग जाता हैं। उस वक्त उसमें कीड़ा लग जाता हैं। कीडो़ की दवाई लेते हैं लेकिन दवाई खराब होती है और कीड़े मरने की बजाए उस दवाई से किसान की फसल मर जाती हैं। इसमा मेरें पास कंक्रीट उदारहण हैं। एक दवा आई0 एस0 आई0 मार्क थी औरप रागोर उसका ट्रेड मार्क था। फरीदाबाद की एक कम्पनी उसको बनाती हैं। उस दवाई के इस्तेमाल करने से हिसार डिस्ट्रिक्ट मे आठ सत्तर लाख की फसल खराब हो गई और उस कम्पनी ने यह एडमिट किया हैं कि उस दवा के कारण ही किसानों की फसल तबाह हुई हैं। यह स्टेट एक वैलफैयर स्टेट है। सरकार को फर्ज बन जाता हैं कि जब भी इस तरह का नुक्सान हो तो किसानों को उसका मुआवजा दिया जाए। कल मैने ट्रांसपोर्ट के रूटस के बारे में बात कही थी और चीफ मिनिस्टर ने

उसका जवाब दिया था। मै उसके बारे में यह कहना चाहता हूं . . . .

श्री अध्यक्षः अब आप खत्म करें। आप फिर रिपीट कर रहे है कि कल मैनें बात कही थी उसका चीफ मिनिस्टर ने जवाब दिया। कल वाली बात को आप आज रिपीट न करे।

प्रो0 सम्पत सिंहः मै तो उस बात को क्लीयर करना चाहता हूं। स्पीकर साहब, चीफ मिनिस्टर साहब की अध्यक्षता में हिसार में ग्रिविसैन्सिज कमैटी की मीट्रिह हुई थी। मैने उसमें कहा था कि प्राइवेट ट्रांसपोर्टर जिसका नाम है मनीराम हैं, और जो चीफ मिनिस्टर का दोस्त है, नजदीकी रि तेदार हैं, को रूट परमिट दिया गया हैं और जो बस के टाईमिंग्ज है वे गल्त तौर पर बदल दिये गए हैं। उसी समय जी0 एम0 रोडवेज माइक पर आया और उसने एडमिट किया कि हमसे ओमि ान हुई हैं और हम एस0टी0सी0 को लिख रहे हैं।(ाोर एव व्यवधान)

चोधरी भजन लालः स्पीकर साहब, वह राजस्थान गवर्नमैंट को रूट हैं। जहां तक टाइमिंग्ज का सम्बन्ध है दोनो स्टेट्स के औफिसर्ज आपस में बैठकर तय करतें है और राजस्थान गवर्नमैंट जिस आदमी को चाहे रूट परमिट दे सकती है(ाोर एव व्यवधान)

श्री अध्यक्षः जहा तक इंटर स्टेट ट्रांसपोर्ट की बात है उसका टाईम टेबल दोनो स्टेट्स के औफिसर्ज आपस में बैठकर बनाते हैं।(ाोर एव व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंहः मुख्यमंत्री ने कहा है कि दोनो स्टेट्स के औफिसर्ज बैठकर उसका टाईम टेबल बनाते हैं लेकिन जिस आदमी का नाम ये ले रहे हैं वह तो इनका खास आदमी हैं।(ाोर एव व्यवधान)

चोधरी भजन लालः मैने कहा है कि यह गल्त नही है। मै देवी लाल की तरह नही हू जो अपने लड़के को लड़का मानने से इंकार कर दे।(ाोर एव व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंहः इन्होने यह कहा था कि उसको मनीराम मान लिजिए या भजन लाल मान लिजिए। It is well know throughout Haryana that Shri Mani Ram Mangroo is a close man of Shri Bhajan Lal. Why should he deny it? He should not deny it.

चोधरी भजन लालः मै तो मानता हूं कि वह मेरा आदमी हैं(ाोर एव व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंहः दोस्त होना बुरी बात नही है लेकिन सवाल तो यह हैं कि जब दोनेा स्टेट के औफिसर्ज बैठकर टाईम टैबल बनाते है तो क्या कारण था कि पहले वाले टाईम की बजाए दूसरा टाईम दिया गया हैं। It shows that the officers were pressurised. This House is being misled.

चोधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, यह तो वकील हैं। समझ नही आता कि ये किस ढंग की बात कर करते हैं। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि इंटर स्टेट रूटस पर जब बस चलाई जाती हैं तो हरेक स्टेट बाकायदा एक–एक किलोमीटर का हिसाब रखती है। अगर हरियाणा राजस्थान में अपनी बसे दो हजार किलोमीटर चालाऐगा और उसका टाईम भी दोनों स्टेट्स ही बैठकर तय करेगी। राजस्थान स्टेट जितनी प्राईवेट बस चलाएगा उसका टाईम भी राजस्थान गवर्नमैंट ही तय करेगी हमारे साथ बैठकर कि इतने टाईम और इस टाईम पर एक साल बस चलेगी और इतने टाईम पर छः महीने तक चलेगी और इतने टाईम इसी तरह चलेगी हमारी बसे चलेगी।(ाोर एव व्यवधान) आपको हाउस में बैठकर ऐसी बाते नही कहनी चाहिए।

श्री वीरेन्द्र सिंहः आप कहते है कि राजस्थान सरकार तय करती हैं कि रूट परमिट किसको देना हैं। आप तो ऐसी बात कहते है जिसका सिर पैर ही न हो।(ाोर एव व्यवधान) आप तो इस तरह के उपदे ा रोज ही देते हैं (ाोर एव व्यवधान)

चोधरी भजन लालः मैं तो मनी राम को दोस्त मानता हूं। देवी लाल की तरह नही हूं जो यह कहे कि मेरा दोस्त लड़का नही है।(ाोर एव व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंहः आप तो उस वक्त उस लड़के के वकील थें क्योंकि उस समय आपमो वह सूट कर रहा था। आप

यह बताएं कि जब से हरियाणा में ट्रांसपोर्ट ने ानेलाइज हुई है जब से किजनी गाड़ियो के टाईम बदले हैं?

चोधरी भजन लालः कितनी * * * * * * * बात कर रहे हैं। मैने पहले भी बताया हैं कि जितने किलोमीटर राजस्थान की बसें या राजस्थान की प्राईवेट बसें हरियाणा मे कवर करेंगी उतने किलोमीटर ही हरियाणा की बसें राजस्थान में जाएंगी और टाइमिंग्ज के बारे में दोनो स्टेट्स तय करती हैं कि किस–किस टाईम पर बस चलानी हैं।(ाोर एव व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, इन्होने * * * * * * भाब्द कहा हैं कि इसको कार्यवाही से निकलवा दीजिए।

श्री अध्यक्षः बेहूदा भाब्द एक्सपंज कर दिया जाए।

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, जो असलियत होगी, वह तो हमें यहां हाउस के सामने कहनी ही पड़ेगी, चाहे सरकार को वे बातें चुभती ही क्यों न हों। फैक्ट्स तो हमें बताने ही पड़ेगें। स्पीकर साहब, मैं रोड़वेज के मुताल्लिक बता रहा था। अगर एक कंडक्टर या ड्राईवर 5 या 10 रूपये की चोरी कर लेता हैं तो उस छोटी सी बात को खूब उछाला जाता हैं लेकिन जहां बड़ी–बड़ी चोरियां होती हैं, वहां कोई ध्यान नही दिया जाता। अपने ट्रांसपोर्ट मन्त्री महोदय को बताना चाहता हूं कि जितनी हेराफेरी, जितनी चौरियां हरियाणा रोडवेज की वर्क ाौप्स के अन्दर होती है उतनी कही नहीं होती। इसी कारण से करोड़ों

रूपये को सरकार का नुकसान हो रहा है। टायर–ट्यूब्ज और दूसरे स्पेयर पार्टस वर्क ाप्स में आने के बाद चोरी हो जाते हैं और फिर उसके बाद औपन मार्किट में बिकते हैं। इस चोरी को रोकने का एक तरीका है कि अगर उन पुर्जो पर टायरों और ट्यूब्ज पर हरियाणा रोडवेज के अपने मार्क्स लगे हूए हो तो इस तरह की चोरी पकडी़ जा सकती हैं और सरकार का जो करोड़ो रूपये का नुकसान हो रहा हैं, वह रूपया बच सकता हैं। यह मेरी सुजै ान हैं।

इससे आगे मै एजुके ान के बारे में भी कुछ कहना चाहूंगा। स्पीकर साहब, यहां पर मोती लाल नेहरू स्पोर्टस स्कूल के लिये खर्चा मांगा गया हैं। स्पीकर साहब, पिछले 6 महीनों में एजुके ान विभाग में एम्पलाइह की बहुत सारी ट्रान्सफर्ज हुई हैं अगर वे न की होती तो कम से कम सरकार की दो तीन करोड़ रूपये की बचत हो सकती थी और वही रूपया स्कूलों की बिल्डिंग्ज के लिये, बच्चों की बहबूदी के लिए इस्तेंमाल किया जा सकता था और सरकार को यह पैसा न मांगना पड़ता। सरकार ने दो–दो चार–चार बार ऐम्पलाइज की ट्रांन्सफर्ज की हैं जिससे सरकार के ऊपर काफी बोझा पड़ा हैं। पता नही ये ट्रांन्सफर्ज किस वजह से होती रही हैं। अगर सरकार इस बात पर सीरियसली विचार करती कि ऐसा करने से सरकारी खजाने पर बोझा पड़ेगा तो फिर सरकारी पैसे के दरूप्रयोग को रोका जा सकता हैं औरप इसी पैसे से स्कूलों की हालत और बच्चों की हालत को सुधारा

जा सकता था। बच्चों की बहबूदी के लिये यही पैसा खर्च किया जा सकता था।

इससे आगें मैं सरकार की प्लानिंग के बारे में बताना चाहता हूं कि किस अनप्लैन्ड तरीके से सरकार चल रही हैं। स्पीकर साहब, अगर कोई सरकार का काम 50 या 60 हजार रूपये का हैं तो लगभग 25 हजार रूपया तो उस काम के लिये नींव पत्थर रखने पर ही व्यय कर दिया जाता हैं। फर्ज करो कि एक छोटी सी पुलियां बननी हैं तो उसका उद्घाटन करने पर ही उस पुलिया का काम भाुरू होगा और चण्डीगढ़ से एक मन्त्री महोदय उस पुलिया का नीव पत्थर रखने के लिये जाऐगें। इसीलिये ऐसे कामों पर भी सकरकार को गौर करना पड़ेगा ताकि सरकारी पैसे का दुरूप्रयोग से बचाया जा सके।

इन्होने आगे पुलिस के लिये कुछ पैसे की मांग की है कि मधुबन पुलिस वालों के लिए क्वार्टज बनाने हैं इसलिये सरकार को जमीन खरीदनी हैं . . . . . .

श्री अध्यक्षः प्रोफैसर सम्पत सिंह जी आपको बोलतें हुए काफी समय हो गया हैं, आप बैठ जाईये। I call upon the irrigation & Power Minister to speak.

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला): अध्यक्ष महोदय, यहां पर माननीय सदस्यों ने बिजी और पानी के बारे में काफी चर्चा की हैं, मै उनके बारे में कुछ

कहना चाहता हूं। सबसे पहले सागर राम गुप्ता जी ने कहा कि भिवान जिलें में नहरी पानी 25 परसैन्ट की मात्रा में ही मिल रहा हैं, इसके लिये मैं यहां पर एक दो आंकड़े बता देना चाहता हूं। अध्यक्ष महोदय, भिवानी जिले में जूई कैनाल, लोहरू कैनाल, सिवानी कैनाल, वैस्टर्न यमुना कैनाल जाती हैं औरप दादरी फीडर व भिवानी डिस्ट्रीब्यूटरी ये चैनल इनके हैं। जब ये चैनल पहले प्रैफ्रैन्स में चले थे तो इनमें पूरा पानी था, मासिवाये लोहरू लिफट कैनाल जो हैं, वह नौन–पैरेनियल कैनाल हैं लेकिन उसमें भी पानी इसलिये चलाया गया हैं क्योकि सूखे का वातावरण था। अगस्त से हमको यमुना में 12 हजार कयूसिक पानी हम को मिल रहा हैं और 200, 300 क्यूसिकस पानी रोजान यमुना के पानी में कटौती हो रही हैं। इसी कारण से हमें रोटे ान चेन्ज करनी पडी़। इस के बावजूद भी एक–दो प्रैफ्रेन्स में पानी की सप्लाई पूरी मिल रही हैं लेकिन तीसरे प्रैफ्रैन्स में पानी की सप्लाई कम हैं।

इसके साथ श्री कुलबीर सिंह ने बिजली के मीटरों के बारे में कहा। स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से सदन को यह बताना चाहता हूं कि कंज्यूमर्ज को पहले बिजली बोर्ड मीटरों की सप्लाई करता था लेकिन मीटरों की भाार्टेज होने की वजह से कनैक ांज देने में काफी डिले हो जाती थी अब हमने यह फैसला किया हैं कि जो कंज्यूमर्ज अपने मीटर में अच्छे स्टैंडर्ड के स्वयं ले आएगें, बिजली बोर्ड उनको टैस्ट करने के बाद लगवाने की

आज्ञा दे देगा ताकि ज्यादा से ज्यादा कनैक ांज लोगों को दिये जा सके।

तीसरी बात मास्टर हुक्म सिंह जी ने कही कि बिजली किसानेां को दिन के समय मिलनी चाहियें और भी दूसरे कई माननीय सदस्यों ने इस बारें में अपने–अपने विचार रखे हैं। मैं आपके माध्यम से अध्यक्ष महोदय, हाउस को यह बताना याहता हूं कि सरकार को दिन में बिजली सप्लाई करने में कोई दिक्कत नही हैं और हमने तीन महीने पहले फैसला किया कि बिजली रात को भी देंगे ओर दिन को भी देंगें ए और बी ग्रुप्स के तौर पर। लेकिन मैं यह बता देना चाहता हूं कि जो लोग दिन में बिजली लेते हैं उनका फलक्चुऐ ान और बिजली की कटौती के कारण तीन चार घंटे बिजली कम मिलती हैं और वे हमें ाा नुकसान में रहतें है और रात वालों को पूरी बिजली मिलती हैं। उनको भााम 6 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक लगभग 11, 12 घंटे मुतवातिर बिजली मिलती हैं। इस बारे में किसानों ने हमसे मागं भी की हैं कि उनको रोज रात को ही बिजली दी जाए हालाकि उनको बिजली रोटे ान में मिलती हैं। इसलिये हम किसानों को पूरी बिजली पहले ही सप्लाई कर रहें हैं और किसान खु ा हैं।

इसके साथ–साथ श्री राम बिलास जी ने एक बात कही कि सारे हरियाणा हमें लगभग 35 हजार के करीब ट्रांसफारमर्ज जले हुए हैं। यह गलत हैं, मैने यह नही कहा था। मैनें यह कहा था कि टोटल हरियाणा में 35 हजार ट्रांसफारमर्ज हैं जिनमें से

केवल 424 जले हुए है।(ाोर) इससे आगें बिजली के रेटस के बारे में भी कहा गया कि किसानों से बिजली के रेट्स बहुत ज्यादा चार्ज किये जातें हैं। खासकर महेन्द्रगढ़ और भिवानी में जहां पानी बहुत गहरा हैं वहां 10 रूपये पर–हार्स पावर के हिसाब से चार्ज करते थें जोकि 10, 12 पैसे फी यूनिट के हिसाब से बनती थी। मैं सदन को यह बताना चाहता हूं कि बिजली बोर्ड का 55, 60 पैसे पर–यूनिट के हिसाब से बिजली की प्रोडक ान का खर्चा आता हैं। इसका मतलब यह हुआ कि हम अब तक उनको 40, 45 पैसे फी यूनिट के हिसाब से सबसिडाइज करते थे। क्योंकि वहां पर पानी बहुत गहरा है। और पानी का डिस्चार्ज बहुत कम है। अब हम ने केवल 5 पैसे पर–यूनिट के हिसाब पसे रेट बढाया हैं जोकि अब उनकों 45, 50 पैसे पर यूनिअ के हिसाब से नुकसान हो रहा हैं। इसके बावजूद भी हम किसानों से रेट कम चार्ज कर रहें हैं और किसानों को बिजली की पूरी सप्लाई दे रहे हें। एक बात और कहना चाहता हूं कि यहां पर माननीय सदस्य यह मांग करेंगें कि जो एम्पलाईज हैं, उनका डी0ए0 बढाया जाए, तनख्वाहें बढाई जाए, हाउस रैन्ट अलांऊस उनको दिया जाए, दूसरी सहूलियतें दी जाए। मैं यह मानता हूं कि यह बुरी बात नही हैं। इसके साथ–साथ वे यह भी माग करेंगें कि डिवैल्पमेन्ट के कामों पर भी खर्चा होना चाहियें। अब आप ही बताएं कि सरकार के पास कोई ऐसी म ाीन तो हैं नही कि सभी की मांग पूरी की जा सके। जितनें फण्डज हमारे पास अवेलेबल होंगे उनके अन्दर रह कर ही हम काम करते सकते हैं(ाोर एव व्यवधान) यहां पर

अध्यक्ष महोदय, मेरे कई विरोधी पक्ष के साथियो ने यह कहा हैं कि यह सरकार बिल्कूल नही चलेगीं, मै उनकों यह बताना चाहता हूं कि यह सरकार खूब चलेगी, यह कोई खोटी अठन्नी तो हैं नीह जो नही चलेगी। दरअसल में बात यह है कि ये विरोधी दल के भाई यह सोच कर के आये थै कि इनको राज गदि्दयां मिलेंगी, वो इनको मिली नही। इसलिये ये फरस्ट्रेटिड होकर ऐसी बातें कर रहें हैं(ाोर एव व्यवधान) इन भाब्दो के साथ में आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

राजस्व मन्त्री (चौधरी फूल चन्द): अध्यक्ष महोदय, एक दो बातें माननीय सदस्यों ने ऐसी कह दीं मालूम नही वे किस ढंग से डिबेट कर रहे थे। औलावृश्टि पर बोलते हुए एक सदस्य यह कह गयें कि पैसा बांटने में फेवर की गई हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा सदन को बताना चाहता हूं कि इसमें न कोई रिजर्वे ान थी और न कोई कनसै ान था। जहां–जहां पर ओलावृश्टि हुई वहा–वहां पर स्पै ाल गिरदावरी करवाई गई हैं। जितना लौस जिसका हुआ है उसके मुताबिक उसको पैस बांटा गया हैं। भाइ हुकम सिंह जी कह गये कि आदमपुर में पैसा दे दिया और दूसरी जगहों पर नही दिया। उनके ज्ञान के लिये मैं बताना चाहता हूं कि आदमपूर में केवल 20 लाख रूपये बांटा गया और हांसी और नारनौल में 53 लाख रूपये बांटा गया हैं। मैं आपके द्वारा सदस्यों को वि वास दिलाना चाहता हूं कि इसमें

कोई गडबड़ नही होगी और जिसका जितना हक बनैगा, उसको दिया जाऐगा।

श्रीमति चन्द्रावती: अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। वित्त मन्त्री जी जब जवाब दें तो वे एक बात यह भी बताएं कि रोहतक यूनिवर्सिटी में श्री हरद्वारी लाल जी से पहले जो वाइस चांसलर थे उन्होने पंचकूला यूनिवर्सिअी के लिये एक रैस्ट हाउस ले लिया हैं और पांच साल के लिए पैसा एडवांस में दे दिया हैं। मैं चाहती हूं कि वह पैसा उनसे वापिस लिया जाए। रोहतक यूनिवर्सिटी के लिये पंचकूला में रैस्ट हाउस की क्या जरूरत हैं?

वित्त मन्त्री (चौधरी कटार सिंह छोकर): अध्यक्ष महोदय, जैसे आपने आबजरवे ान भी की थी कि इस एप्रोप्रिए ान बिल पर बहुत लिमिटड चर्चा की जाए लेकिन आपका उदार हृदय है और आपने मैम्बरों को अपनी बातें कहने का मोका दिया। यहां ज्यादा बातें इर–रैलेवैंट कही गई। जैसे बिजली की बातें कही गई लेकिन इस बिल में बिजली का एक भी आइटम नही है। सभी मैम्बर्ज ने बिजली की कमी पर, बिजली के रेटस पर और ट्रांसफारमर्ज के जलने के बारे में बातें करते हूए ज्यादा समय लिया। चूकि चे भी महत्वपूर्ण बातें थी इसलिये हमारे मन्त्री महोदय ने उन बातों का जवाब भी दिया इसलिये मुझे उस बारें में औरप कहने की जरूरत नही हैं। इस एप्रोप्रिए ान बिल में केवल दो ही मुख्य आइटमें थी। इसमें 15 करोडं रूपये तो ओलावृश्टि की वजह

से किसानों को राहत देने के लिये हैं और 78 लाख रूपये ऐसा है जो जमीन को कन्पनसे ान देने के लिये हैं। समय–समय पर जिन लोगों की जमीन एक्वायर की गई उनमें से कुछ लोग अदालतों में गये और अदालतों ने उन्हे डिक्री दे दी। ऐसी डिक्रीज समय–समय पर अदालतों में होती रहती हैं औरप बहुत से केसिज में कम्पनसे ान बढता रहता हैं जब फाइनल निर्णय होता हैं तो वह पैसा गवर्नमैंट को एक नि चत डेट पर जमा करवाना पड़ता हैं। यह करीब 78 लाख रूपया होता हैं जो कोर्टस की डिक्रियो का हैं। ओलावृश्टि के लिये जों 15 करोड़ रूपया खर्च हुआ उसके लिये सदन के सभी मैम्बरो ने सहमति प्रकट कि है कि यह बहुत अच्छा काम है। बाकी जो कम्पनसे ान के लिये पैसा हैं वह चार्जड आईटम है औरप अस पर वोटिंग भी नही होती लेकिन उस पर भी सदस्यों ने काफी बातें कही। सभी बातों का जवाब देना तो सम्भव नही हैं। मोटी बात यह कही गई कि मुआवजा देर से मिलता हैं जिस वजह से लोगों को तकलीफ होती हैं। इस बारे में आदरणीय मुख्यमन्त्री जी ने कई बार इस सदन में स्पश्टीकरण दिया हैं और मै समझता हूं कि सरकार की नीति इस संबंध में हाउस के सामने रखी जा चुकी हैं। उन्होने बताया था कि लैंड एक्वीजी ान अफसर जमीन की कीमत की जो पांच साला औसत ली जाती हैं उसके अलावा मार्किट की कीमत को भी ध्यान मे रखा जाता हैं। जिस किसी पर्टिकूलर केस में देर लगी वह तो उन लोगों की अपनी मरजी थी कि वे अदालत में चले गयें। किसी आदमी को अदालत में जाने से रोका नही ता सकता। मुख्य मन्त्री

जी ने सिद्वान्त के रूप में यह बात मानी हैं कि कम्पनसे ान देते वक्त सारी बातों को ध्यान में रखा जाएगा और किसान के हित का भी ध्यान रखा जाएगा ताकि उनको जमीन की कीमत के बारे में कोई नुकसान न हो।

श्री हीरा नन्द आर्यः स्पीकर साहब, अब भी ऐसे केसिज है जिनको 5–5 साल से मुआवजा नही मिला।

चौधरी कटार सिंह छोकरः अगर कोई आदमी अदालत में चला जाता हैं तो उसे रोक नही सकता। फिर भी माननीय सदस्य कोई ऐसा केस ध्यान में लाएं कि कोई आदमी अदालत में न गया हो और उसको 5 साल से मुआवजा न मिला हों, हमे पूरी इन्क्वायरी करवाऐंगे।

श्री हीरा नन्द आर्यः भिवानी जिले में ऐसे सैंकडों केस हैं।(ाोर)

चौधरी कटार सिंह छोकरः आप कोई पर्टिकुलर केस बताएं, आपको जवाब दिया जाएगा। यहां पर दूसरी आपत्ति यह उठाई गई कि किसानों से जमीन लेकर कारखानेदारों को दी जाती हैं। यह बात गलत हैं। कारखानेदार तो पहले से ही अमीर होतें है ओर किसान गरीब होतें हैं। आज जो एप्रोप्रिए ान बिल हाउस के सामने हैं इसमें तो एक भी आइटम ऐसार नही जिसमें किसान की जमीन लेकर किसी कारखानेदार को दी गई हो। इसमें केवल एक आइटम थी वह भी इंडस्ट्रियल एस्टेट के लिये थी।

किसी पर्टिकुलर कारखानें के लिये कोई जमीन एक्वायर की गई हो, ऐसा एक भी उदाहरण नही है। जो जमीन एक्वायर की गई वह या तो किसी पुलिस स्टे ान के लिये की गई या किसी हस्पताल के लिये की गई या सरकारी सैक्रेटेरिएट के लिये की गई हैं। यानी जितनी भी जमीन एक्वार की गई वह सार्वजनिक कामों के लिये की गई। यह बात जो कही गई यह भी उचित नही लगी और यह खामखाह की बहस थी। जब चर्चा हो रही थी तो बहुत सी औरप भी इर–रैलेवैंट बाते कही गई थी। जिनका इस बिल से कोई संबंध नही था। ऐसी ही एक बात बहिन चन्द्रावती ने कह दी–

श्री कंवल सिंहः स्पीकर साह, मेरा प्वायंट आफ आर्डर हैं। मन्त्री महोदय हर बात में यह कह रहे हैं कि मैम्बरों ने इर–रैलवैंट बातें कही। ऐसा कह कर क्या ये चेयर पर एसप ार्न कास्ट नही कर रहें हैं? With your permission, the hon. Members have spoken.

Mr. Speaker: No question of aspersion is there.

13.00 बजें

चौधरी कटार सिंह छोकरः अध्यक्ष महोदय, ऐप्रोप्रिए ान बिल से सम्बन्धित जो बातें थी उनका जवाब मैने लगभग दे दिया हैं लेकिन फिर भी कुछ बातें रह गई जिनका जवाब देना बहुत

आव यक हैं। इस बिल पर बोलतें हुए बहुत से माननीय सदस्यों ने कहा कि किसानों को नैचूरल कलेमिटिज से फसल खराब होने का जो मुआवजा दिया जाता हैं वह सरकार की तरफ से बहुत देर से दिया जाता हैं। अध्यक्ष महोदय, इस बारे में मैं पहले ही बता चुका हूं लेकिन फिर भी मै माननीय सदस्यों की जानकारी के लिये बताना चाहता हूं कि जो पैसा सप्लीमैन्टरी के जरिए सदन से मंजूर करवाया जा रहा हैं उसकी डेट बता देना चाहता हूं वैसे तो डेट इस किताब में लिखी हुई हैं। पहला केस 1973 का हैं। इसमें दिल्ली रोहतक राजमार्ग पर बोहर गांव की जमीन एक्वायर की गई थी। दूसरा केस 1970 का है जिसमें कालका में ओधोगिक सम्पदा विकास कालोनी स्थामिज करेने के लिए जमीन एक्वायर की गई थी। तीसरा केस 1977 का जिसमें मधुबन में पुलिस लाईन के लिये जमीन एक्वायर की गई थी। चौथा केस 1974 का हैं जिसमें सरकारी कर्मचारियों के लिए मकान बनाने के लिए जमीन एक्वायर की गई थी। पांचवा केस 1976 का है। जिसमें थाने और रिहाय ी क्वार्टरों के लिए जमीन एक्वायर की गई थी। छठा केस 1974 का हैं जिसमें स्पोर्टस स्कूल, राई के विकास के लिये जमीन एक्वायर की गई थी। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, एक केस ऐसा नोटिस में आया था कि एक सरकारी कर्मचारी को समय से पहले ही डिस्चार्ज कर दिया गया। इसलिये गवर्नमैंट को उसे 7 महीने की तनख्वाह देनी पडी। वह कोट्र में चला गया। वह एक्सैप ानल केस था और वह फौजी आदमी था। सरकार ने उसको मिलिट्री डिसचार्ज सर्टीफिकेट के आधार पर रिटायर कर दिया लेकिन बाद

में रिकार्ड से यह पाया गया कि उसने जो मिलिट्री डिसचार्ज सर्टीफिकेट दिया था। उसमें उसकी उम्र ठीक नही थी। इसलिये उसके रिकार्ड से उसमी उम्र ठीक पाई गई और उसको जितना बैनीफिट मिलना चाहिए था वह उसको दे दिया। इसके अलावा, अध्यक्ष महोदय, हैल्थ डिपार्टमैन्ट के एक ड्राइवर से एक एक्सीडैन्ट हो गया जिसके कारण एक बूढ़े आदमी की मौत हो गई। उसके बाद मृतक की पत्नी ने कोर्ट में मुआवजें के लिए केस दायर कर दिया। कोर्ट ने उसका मुआवजा देने का फैसला कर दिया। यह कोई ज्यादा अमाउन्ट भी नही था। यदि यह पैसा गवर्नमैंट उसी वक्त दे देती तो काई आपित्त वाली बात नही थी।लेकिन ऐसा होता है कि ऐसे केस में मुआवजा दिया जाए तो कितना दिया जाए उसका अमांउट कोर्ट में ही तय होता हैं। अध्यक्ष महोदय, ऐसी कोई स्कीम नही है कि एक आदमी की एकसीडैन्ट से मौत हो जाए और उसके परिवार वाले यह कहें कि हमें एक लाख या 50 हजार रूपया मुआवजें का मिलना चाहिये। सरकार की तरफ से ऐसे केसिज में 10 या 20 हजार रूपये तक निि चत किए जातें हैं। इस लिये ऐसे केसिज में अदालत मुआवता तय करती हैं कि इतना अमांउट दिया जाए। इसलियें यह अनिवार्य हैं कि ऐसे केसों का मुआवजा अदालत से तय करवाया जाऐ। आंयदा के लिये इस बात का पूरा–पूरा ध्यान रखा जाएगा कि ऐसे केसिज में देरी न हों। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, कई माननीय सदस्य ने यह कहा कि मेरे हल्के में केवल बिजली का ही साधन हैं दूसरे सोर्सिज से पानी नही मिलता। इसलिये मेरे हल्के में ज्यादा

बिजली मिलनी चाहिए। किसी माननीय सदस्य ने कहा कि मेरे हल्के में ट्यूबवैल कामयाब नही हैं क्योकि जमीन के नीचे पानी ठीक नही हैं इसलिये नहरों में ज्यादा पानी दिया जाएं। अध्यक्ष महोदय, बिजली के बारे में एक काल अटैन्ा ान मौ ान के जवाब में आई0 पी0 एम0 साहब ने सदने को बता दिया था। इसके अलावा जितनी नहरें है वे इस समय लगभग पूरा पानी दे रही हैं और जहां भी पीने का पानी जा सकता हैं वह जा रहा हैं। अध्यक्ष महोदय, बहन चन्दावती ने इस बिल पर बोलतें हूए कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार चल ही नही रही है, प्रदे ा मे ला एन्ड आर्डर ठीक नही है औरप एस0 एस0 एस0 बोर्ड में बहुत करप ान हैं। अध्यक्ष महोदय, बहन जी ने चारों तरफ से करप ान दिखाई दे रही हैं और सरकार सोई हुई नजर आ रही है। बहन जी को यह बहम हो गया हैं कि इन्हे सरकार सोई हुई नजर ओ रही हैं। मैं बहन जी का वहम दूर करने के लिये कहना चाहता हूं कि सरकार बिल्कूल ठीक काम कर रही हैं और प्रदे ा के विकास के कार्य बहुत तेजी से हो रहे हैं। सरकार सोई हुई नही है। आप अगर ध्यान से देखें तो आपकों यह सरकार जागी हुई नजर आएगी। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, बहन जी ने खर्च कर दिया लेकिन इनको यह पता नही कि कल्चर क्या चीज हैं। मैं बहन जी की जानकारी के लिये बताना चाहता हूं कि एजूके ान हैड के नीचे जो पैसा खर्च किया गया हैं वह स्पोर्टस स्कूल, राई के विकास के मुताल्लिक खर्च किया गया और वह एजूकै ान के हैड में लिखा हुआ हैं। आर्ट और कल्चर एजुके ान के हैड के साथ जुड़े हुए

हैं। इसलिये बहन जी को यह भ्रम हो गया है कि यह पैसा क्लचर पर खर्च किया गया हैं। अध्यक्ष महोदय, आर्ट क्लचर और एजुके ान इन तीनों का एक ही हैड हैं। इसके अलावा बहन जी ने कुछ दबी हुई जुबान में यह कहा कि पुलिस एडमिनिस्ट्रे ान में बहुत ही गलत तरीका इस्तेमाल किया जा रहा हैं और ला एन्ड आर्डर की हालत ठीक नही हैं। इसके साथ ही बहन जी ने यह भी कहा कि हरियाणा में एक दो कत्ल हर रोज होते हैं। अध्यक्ष महोदय, ला एन्ड आर्डर की हालत के बारे में कल प्र नात्तर काल के दौरान कई सवालों के जवाब मे सारी स्थिती स्पश्ट हो गई थी। सत्य यह है कि सारा दे ा इस बात को मानता हैं कि हरियाणा एक ऐसा प्रदे ा है जहां पर ला एन्ड आर्डर की कोई प्रोब्लम नही हैं। हमारी सिस्टर स्टेट पंजाब और दूसरें प्रदे ा अपने यहां यह उदाहरण कोट करतें है कि हरियाणा एक ऐसा प्रदे ा है जहां पर बहुत डिवैल्पमैंट हुई हैं और भाान्ति भी बहुत हैं। लेकिन ठीक बात को मेरे विरोधी पक्ष के भाई खीचतान कर कहते है और अपने हल्के के लोगों को खु ा करने के लिए प्रचार के तौर पर बात को बढा चढाकर कहते हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरे विरोधी पक्ष के सदस्यों ने पिछले दो दिन से अखबारों के जरिए इस बात का जहर फैलाया है और यह दावा किया हैं कि पुलिस के जितनें भी कर्मचारी हटाए गए हैं वे एक जाति वि ाश से संबंध रखते है। अध्यक्ष महोदय, मै विरोधी पक्ष के भाईयों से पुलिस कर्मचारियों के मामलें में प्रार्थना करूंगा कि यदि आप प्रदे ा में ला एन्ड ओर्डर चाहतें हैं और भाान्ति चाहते हैं तो आपकों अपने दिल पर काबू

रखना पड़ेगा। मैं इनसे यह बात भी कहना चाहता हूं कि प्रदे ा में सबसे ज्यादा अ ाान्ति तो आप लोग फैलातें हैं। इसलिये मै आपसे प्रार्थना करता हूं कि आप केवल प्रचार के तौर पर जनता में इस प्रकार का जहन न फैलाएं और इस प्रकार की स्टेटमैंट अखबारों मं न दें। अध्यक्ष महोदय, 363 पुलिस कर्मचारी हटाए गए हैं जिनमें से 161 कर्मचारी एक कम्यूनिटी के है बाकी अलग अलग कम्यूनिटी के हैं। (ाोर एव व्यवधान)

डा0 भीम सिंह दहिया: स्पीकर साहब, मेरा प्यावंट आफ आर्डर है स्पीकर साहब, मै यह कहना चाहता हूं कि मेरी जानकारी के अनुसार 641 पुलिस कर्मचारी हटाए गए हैं। वित्त मन्त्री, जी गलत स्टेटमैन्ट दे रहे हैं कि 363 कर्मचारी हटाए गए हैं। (ाोर एव व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: दहिया साहब, वित्त मन्त्री जी जो स्टेटमैंट दे रहे है वह छपेगी अगर आप इनकी बात गलत समझते हैं तो चैलेज कर दे। (ाोर)

चौधरी कटार सिंह छोकर: अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य बिल्कुल इररैलेवन्ट बोल रहे हैं। (ाोर)

चौधरी वीरेन्द्र सिंह: स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है कि जो पुलिस कर्मचारी हटाए गए हैं उनको बारे मे बोलने के लिये हमे कल भी मोका नही दिया गया और इन्होने दूसरे तरीके से अखबारों में अपनी स्टेटमैन्ट छपवानी चाही।

स्पीकर साहब, कल प्रैस स्टेटमैंट के जिरए अखबारो में छपा हैं कि सारे कर्मचारी एक ही जाति के हटाए गए हैं। फाईनैन्स मिनिस्टर साहब यह कहते हैं कि विरोधी पक्षके सदस्य इररैलैवैन्ट बात कहते हैं। ये हमारी हर बात को इररैलैवैन्ट कहते हैं। स्पीकर साहब, 93 परसैन्ट पुलिस कर्मचारी एक ही कम्यूनिटी के हटाए गए हैं। आप चाहे इस चीज की इन्क्वायरी करने के लिए एक कमेटी बना दिजिए और उस कमेटी के चेयरमैन भी बन जाएं, हमें मंजूर हैं। लेकिन हम यह बात कहते हैं कि पुलिस डिसिप्लिन में इनडिसिप्लिन नही होना चाहिए। स्पीकर साहब, यदि एक ही क्म्यूनिटी के साथ ज्यादती हो रही हैं और हम उसके बारे में न्याय देने की बात कहतें है तो ये कहते है कि यदि कोई बि नोई भी निकाला जाएगा तो हम उसके लिये भी कहेंगे कि यह ज्यादती हो रही हैं। यदि किसी एक क्म्यूनिटी के आदमीयों को सर्विस से निकाला जाएगा तो हम उसके बारे में जरूर बात कहेंगे। यह हमारा अधिकार हैं (ाोर)

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, हम यह कह रहे है कि 600 के करीब पुलिस कर्मचारी नौकरी से बर्खास्त किए गए हैं और ये कह रहे है कि 363 निकाले गए हैं। हमारे नोटिस में 600–650 पुलिस कर्मचारी नौकरी से निकाले हुए आए हैं। हमारी बात को ये कह रहे हैं कि हम झूठ बोल रहे हैं। झूठ भाब्द इनको प्रयोग नही करना चाहिए।(ाोर)

चौधरी कटार सिंह छोकरः स्पीकर साहब, मै जो बात कह रहा हूं वह आकडो़ के आधार पर कह रहा हूं। मेरी इस बात को ये चैलेन्ज कर सकते हैं।

श्री अध्यक्षः आप कहते है कि 600 या 650 पुलिस कर्मचारी निकाले गए है और ये कह रहे हैं कि 363 कर्मचारी निकाले गए हैं। दोनों फिगर मै कन्ट्राडिक ान हैं।(ाोर)

डा0 मंगल सैनः वित्त मन्त्री जी तो यह कह रहे है कि हम झूठ बोल रहे हैं। हम झूठ नही बोल रहे। हम सच्च बोल रहें हैं।(ाोर)

चौधरी कटार सिंह छोकरः स्पीकर साहब, मैने ऐसा नही कहा है।

श्री हीरा नन्द आर्यः अभी जैसा वीरेन्द्र सिंह जी ने बताया कि इस मामले में एक कमेटी गठित कर दी जाए। मेरी भी यही राय हैं कि इस बात का निर्णय लेने के लिए एक समिति का गठन कर दिया जाऐ।(ाोर)

श्री अध्यक्षः मै इसे देख लूंगा।(ाोर)

चौधरी कटार सिंह छोकरः स्पीकर साहब, सारे साथियों ने इस बात पर जोर दिया है कि अनु ाासन बनाये रखा जाना चाहिए। सारे कर्मचारियों में अनु ाासन रहना चाहिए और खासकर पुलिस कर्मचारियों को तो अनु ाासन में रहना ही चाहिए। उन्होने

अनु ाासन को बनायो रखना होता हैं। इस बात पर किसी को आपति नही है कि पुलिस कर्मचारी नौकरी से क्यों निकाले गए। इनको तो आपति सिर्फ इस बात से है कि एक ही कम्यूनिटी के कर्मचारी निकाले गए है।(ाोर)

श्री कंवल सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। स्पीकर साहब, इन्होने जिन कर्मचारियों को निकाला हैं उनको अनु ाासन भंग करने के आरोप में नही निकाला। स्पीकर साहब, आपकों याद होगा कि पंजाब में अमृतसर के अन्दर 300 जवान थे। उन्होने वहां पर खाने का बहिश्कार कर दिया था। लेकिन सरकार ने उन में से सिर्फ 100 को ही निकाला। यदि अनु ाासन भंग का मामला हो तो सभी कर्मचारियों पर होना चाहिए। सभी के सभी कर्मचारी नौकरी से निकाले जाने चाहिए थे। जबकि सरकार ने उन में से सिर्फ 100 कर्मचारियों को जो एक ही कम्यूनिटी के थे, नौकरी से निकाल दिया हैं।(ाोर)

चौधरी कटार सिंह छोकरः स्पीकर साहब, ये प्रदे ा को नक ाा बिगाड़ना चाहतें हैं। इन्हें प्रदे ा का प्र ाासन बनाये रखने में सरकार को सहयोग देना चाहिए।(ाोर)

श्री मनफूल सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहब, पानीपत के पास गांव छाजपुर में कुछ मजहबी सिख काफी सालों से बैठे हुए हैं। उनके पास कुछ एकड़ जमीन थी। उन पर उन्होने बाड़ी वगैरह लगा रखी थी। उस बाड़ी को कटवा

कर वित्त मन्त्री जी ने वह जमीन अपने रि तेदारों के नाम करवा दी है जबकि वह जमीन उनके नाम ही रहनी चाहिए। इन मजहबी सिखों को वहां पर कब्जा किए हुए काफी साल हो गए है। उन्होने डी0 सी0 साहब को भी एप्लीके ान वगैरह दी हुइ हैं। उन्होने प्राईम मिनिस्टर साहब को भी पत्र लिखा हैं और राश्ट्रपति जी को भी पत्र लिखा हैं। इसके साथ ही साथ उन्होने सरदार बूटा सिंह को भी इस बारे पत्र लिखकर सूचित किया हैं लेकिन उनकी कोई सनवाई नही हो रही। वे बेचारे गरीब हैं। ।(ाोर)

श्री अध्यक्षः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नही हैं।

Chautheri Phool Chand: They should not be allowed to say such things in this House. It is a wastage of the time.

चौधरी कटार सिंह छोकरः जो फिगर्ज मै दे रहा हूं उसके बारे में ये चैलेन्ज कर सकत हैं(ाोर) जहां तक भाई मनफूल सिंह का संबंध हैं, इन को मेरे से कोई गिला ि ाकवा हो सकता हैं। वैसे भी ये मेरे भाहर के नजदीक के रहने वाले हैं। इनको मैं अच्छी तरह जानता हूं। इनमें मेरा वि वास नही था, इसलिये मैं इनका अपने साथ नही लाया।(हंसी व ाोर)

श्री मनफूल सिंहः स्पीकर साहब, इन्होने मेरे को अपनी पार्टी के भाामिल करने के लिए बहुत कोि ा ा की। यहां तक कि मेरे छोटे भाई को जो पुलिस में नौकरी करता था, बर्खास्त कर दिया। मैने आज तक इनको या सरकार को यह नही कहा कि मेरे

भाई को क्यों बर्खास्त किया गया हैं? (ाोर) स्पीकर साहब, मै उस जाति से सम्बन्ध रखता हूं जिन्होने सतयुग के अन्दर राजा हरि चन्द्र को खरीद लिया था। (विघ्न)

चौधरी कटार सिंह छोकरः स्पीकर साहब, मेरी हाउस से प्रार्थना हैं कि बिल की कंसीड्रे ान मो ान को पास किया जायें।

Mr. Speaker: Now I will put the motion to the vote of the House.

प्र न है कि–

दि हरियाणा एप्रोप्रिए ान (न0 4) बिल पर तुरन्त विचार किया जायें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री अध्यक्षः अब सदन बिल पर क्लाज बाई क्लाज विचार करेंगा।

क्लाज–2

श्री अध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 2 बिल का पार्ट बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज–3

श्री अध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 3 बिल का पार्ट बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

ि ाड्यूल

श्री अध्यक्षः प्र न है–

कि ि ाड्यूल बिल ि ाड्यूल हों।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज–1

श्री अध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 1 बिल का पार्ट बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अनैक्टिंग फार्मूला

श्री अध्यक्षः प्र न है–

कि अनैक्टिंग फार्मूला बिल का अनैक्टिंग फार्मूला हो।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

टाईटल

श्री अध्यक्षः प्र न है–

कि टाईटल बिल का टाईटल हो।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

वित्त मंत्री (चौधरी कटार सिंह छोकर): अध्यक्ष महोदय, मै प्रस्ताव करता हूं कि बिल पास किया जाए।

श्री अध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

कि बिल पास किया जाए।

श्री कंवल सिंह(घिराय): अध्यक्ष महोदय, गवर्नमैंट ने बसों का किराया बढाया हैं लेकिन इस बिल में उसका काई जिक्र नही हैं। मैं गवर्नमैंट से यह जानना चाहता हूं कि क्या इसने अब किराया न बढानें का फैसला किया हैं या इसे ये किसी आर्डिनैंस के जरिए बढाएंगें?(विघ्न)

चौधरी कटार सिंह छोकरः अध्यक्ष महोदय, किराया बढाने का इसमें जिक्र नही आता। इसमें तो टैक्स का जिक्र आता हैं।(विघ्न)

चौधरी रो ान लाल आर्यः माननीय अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मै आपका आभारी हूं क्योंकि तीन दिनों के बाद आज आपने मुझे बोलने का समय दिया हैं।

श्री अध्यक्षः आर्य साहब, यह तो आपने बड़ी खराब बात कह दी। इतना समय देने के बावजूद भी अगर यह कहा जाए, तो बड़े अफसोस की बात हैं। आज भी ट्रेजरी बैचिज से केवल दो आदमी बोले हैं।(विघ्न) कुछ सोच समझ कर यहां बात कहनी चाहिए।

श्रीमति चन्द्रावतीः अध्यक्ष महोदय, हम आपके आभारी है क्योंकि आपने हमें काफी टाईम दिया।

श्री अध्यक्षः आप अपने मैम्बर्ज को भी तो समझाएं कि यहां कैसे बात करनी चाहिए।

श्रीमति चन्द्रावतीः अध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि ये नए मैम्बर्ज हैं।

चौधरी रो ान लाल आर्यः अध्यक्ष महोदय, इस समय ऐप्रोप्रिए ान बिल के ऊपर बहस हो रही हैं। मैं भी इस सम्बन्ध में कुछ बातें कहना चाहगां। अध्यक्ष महोदय, प्राकृतिक आपदाओं की वजह से सरकार लोगों कुछ मुआवजा देती हैं लेकिन बहुत से इलाके ऐसे है जहां लोगों को कोई रिलिफ नही दिया जाता। उदाहनण के रूप में आप मेर हल्के को ही ले लीजिए। वहां आग लग जाने की वजह से बहुत से गांव जल गए थें लेकिन उनकों कोई राहत नही दी गई। चोढ़पुर कलां में तो लोगो के प ा भी जल गए, अनाज भी जल गय और बिस्त्रप आदि भी जल गए लेकिन वहां लोगों को कुछ भी राहत नही दी गई। मैने सरकारी

अधिकारीयों को लोगो के प्रार्थना पत्र भिजवाए परन्तु आज तक उन पर कोई एक ान नही लिया गया। सरकार इस तरफ ध्यान दें।

अध्यक्ष महोदय, छछरौली मे हस्पताल, ट्रेजरी, ऐम्पलायमैंट ऐक्सचेंज और रैस्ट हाउस की बिल्डिंग पी0डब्ल्यू0डी0(बी एन्ड आर0) ने अनसेफ डिक्लेयर की हुई है लेकिन इसके बावजूद भी आज तक कोई नई बिल्डिंग बनाने को कोई प्रबन्ध न्ही किया गया हैं। सरकार इस और भी कृपया ध्यान दें।

अगली बात अध्यक्ष महोदय, मै सरकार के नाटिस में यह लाना चाहूंगा कि कई सड़को का ज्यादातर हिस्सा तो बन गया हैं लेकिन एक डेढ किलोमीटर के टुकड़े न बनने की वजह से वह सडकें भी बेकार हो गई हैं सरकार को चाहिए कि ऐसी सड़कों को जल्दी से जल्दी कम्पलीट करवाए।

ि ाक्षा विभाग के बारे में मेरा सुझाव है कि हरियाणा के संस्कृत साहित्य ऐकैडमी बनाई जाए जिससे संस्कृत भाशा का विकास हो सकें औरप नए लेखक और विद्वान छुपी पड़ी हुई संस्कृत साहित्य की बहूमूल्य निधी को रो ानी में ला सके।

अध्यक्ष महोदय, हरियाणा में आदे ार्ा गावों का निर्माण किया जाना चाहिए। हर जिले मे कम से कम एक आद ार्ा गाव

बसाया जाए ताकि लोगों को सफाई और स्टैन्डर्ड से रहने की ट्रैनिंग मिल सके।

स्पीकर साहब, सरकार को चाहिए कि स्माल स्केल इंडस्ट्रीज को बढावा देकर वह गांव में लाखों बेकार बैठे हुए काम करने की क्षमता रखने वाले नोजवानों की बेकारी दूर करें।

अध्यक्ष महोदय, ट्रांसपोर्ट एक कम्यूनिके ान के सम्बन्ध में एक सुझाव में सरकार को देना चाहूंगा। सरकार को ऐसा प्रबन्ध करना चाहिए कि गांव के लोगों को भी लोकल बस सर्विस की सुविधा मिल सके। आज लोग न तो कोर्टस में समय से पहुंच सकते हैं, न हस्पताल में टाईम से पहुंच सकते हैं और न ही बच्चे समय से स्कूल जा सकते है।।

अध्यक्ष महोदय, छछरौली तहसील हैडक्वार्टर है लेकिन वहां नाम के लिए भी मोटर भौड नही बनाया गया हैं। रोडवेज अधिकारियों को चाहिए कि वहां जल्दी से जल्दी या तो मोटर भौड बनाया जाए या बस स्टैन्ड बनाया जाए।

स्पीकर साहब, मेरे हल्के में हिमाचल के बोर्डर से लगता हुआ खिजराबाद नाम का एक गांव है। वहां हस्पताल तो है लेकिन दवाइयों की व्यवस्था नही हैं। मैं वहा स्वास्थ्य मन्त्री जी से कहना चाहूंगा कि वे किसी दिन वहां अचानक छापा मारें। वहां का डाक्टरप हमे ाा भाराब पिये रहता हैं।(विघ्न) इन भाब्दों के

साथ आपका धन्यावाद करते हुए अध्यक्ष महोदय, मै अपना स्थान लेता हूं।

श्री अध्यक्षः प्र न है–

कि बिल पास किया जाए।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री अध्यक्षः जैन्टलमैन, अन्त मै आ रो ान लाल आर्य जी ने एक ऐसी बात कह दी जिससे मै बड़ा महसूस कर रहा हूं। हर मैम्बर साहब को इतना अकमोडेट करने के बाद भी अगर यहां ऐसी बात कही जाए तो अच्छा नही लगता। (विघ्न) फिर भी आप साहेबान ने जो ओआप्रेरून दिया उसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

श्रीमति चन्द्रावतीः सर, इसमे कोई भाक नही कि आपने हमे बडा़ अकमाडेट किया। नया मैम्बर होने की वजह से उन्होन ऐसी बात कह दी वरना कोई ऐसी बात नही हैं हम इस बात के लिये आपका बहुत धन्यावाद करते हैं।

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, हम आपके तो बहुत आभारी हैं लेकिन चौधरी भजन लाल जी से यह कहना चाहते है कि अब चूंकि इन्होने काफी माल इक्ट्ठा कर लिया हैं इसलिये जल्दी जल्दी सै ान बुला लिया करें क्योंकि अब तो इन्हें कोई खतरा नही हैं।(विघ्न)

श्री अध्यक्षः अब हाउस साईन–डाई ऐडजर्न किया जाता हैं।

13.26 बजें

(तत्प चात सदन साईने–डाई ऐडजर्न हुआ)।